इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव



पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



वर्ष- 43 | अंक -96 | राजनांदगांव, बुधवार 21 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


# चंडीगढ़ मेयर चुनावः आप की जीत, सुको ने भाजपा को दिया झटका, रिटर्निंग ऑफिसर को नोटिस

नई दिल्ली। मेयर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए पहले हुई मतगणना को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आप प्रत्याशी के पक्ष में पड़े अवैध किए गए 8 वोटों को सही माना है। इसी आधार पर आप प्रत्याशी को विजेता घोषित किया गया है। साथ ही पूर्व में मतगणना करने वाले रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को अवमानना का नोटिस जारी किया गया है।

दिल्ली। चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि आम आदमी पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए आठ वोटों पर अतिरिक्त निशान थे। कोर्ट ने निशान लगे बैलेट पेपर गिनवाए, जिसके बाद आम के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित किया। वहीं कोर्ट की टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी में जश्न शुरू हो गया है। आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा, इस कठिन समय पर लोकतंत्र को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आपका शुक्रिया।



**फैसले पर बोले अरविंद केजरीवाल, लोकतंत्र बचाने के लिए शुक्रिया सुको**

### सुप्रीम ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

आज सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक फैसला आया। भाजपा के 16 वोट थे और इंडिया गठबंधन के 20 वोट थे लेकिन पीठासीन अधिकारी ने अमान्य तरीके से हमारे आठ वोट निरस्त कर दिए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज लोकतंत्र को बचाए जाने वाला फैसला है। इन लोगों ने तो हमारे वोट चोरी करते किए लेकिन हमने सुप्रीम कोर्ट जाकर हमने इनके मुंह से जीत छीन ली।

### सब एक हो जाएं तो भाजपा को हराया जा सकता है

भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि जब ये इतने छोटे चंडीगढ़ मेयर चुनाव में गड़बड़ी कर सकती है तो सोचिये ये लोकसभा चुनाव में कितनी बड़ी गड़बड़ी करेंगे। ये हमेशा करते हैं कि हमें 370 लोकसभा सीट आ रही हैं, इन्हें ये विश्वास कहां से आ रहा है। यह वोट चोरी करते हैं। गड़बड़ी करके ये चुनाव जीतते हैं। जो लोग कहते हैं बीजेपी को हराया नहीं जा सकता है तो ये चंडीगढ़ मेयर चुनाव इस बात का सबूत है कि हम एक हो जाएं तो इन्हें हरा सकते हैं।

### पीठासीन अधिकारी ने नियम के विरुद्ध काम किया

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे। आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया। बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए। इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज दिल्ली कूच करेंगे किसान, शंभू बॉर्डर पार करने के लिए लाए हथियार



नई दिल्ली। किसान नेताओं और सरकार के बीच एमएसपी सहित कई मांगों पर एक बार फिर सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद किसान संगठनों ने 21 फरवरी से दिल्ली कूच करने का ऐलान किया है। इसे लेकर किसान तैयारियां कर रहे हैं, इस बीच शंभू बॉर्डर पर प्रशासन द्वारा बनाई गई सीमेंट की दीवारों को तोड़ने के लिए किसान एक खास 'हथियार' लेकर आए हैं।

किसान नेता नवदीप जलबेड़ा पोकलेन मशीन लेकर शंभू बॉर्डर पहुंच गए हैं, पोकलेन मशीन की मदद से प्रशासन द्वारा बॉर्डर पर लगाई गई सीमेंट की दीवारों को किसान हटाएंगे. किसानों का कहना है कि सरकार की नीयत में खोट है, सरकार हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है। हम चाहते हैं कि सरकार 23 फसलों पर एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य का फॉर्मूला तय करे, सरकार के प्रस्ताव से किसानों को कोई लाभ नहा होने वाला है।

किसान नेता पढेर का कहना है कि हम 21 फरवरी को दिल्ली कूच करने जा रहे हैं, सरकार से आगे फिलहाल कोई मीटिंग नहीं होगी, लेकिन हम बातचीत के लिए हमेशा तैयार हैं। डल्लेवाल ने कहा कि हमारी सरकार से अपील है की या तो हमारी मांगें मानी जाए या फिर शांति से हमें दिल्ली में बैठने मंजूरी दी जाए, हमारी सभी किसान भाइयों से अपील है कि वे हिंसा नहीं करें।

### पोकलेन मशीन के जरिए तोड़ी जा सकती है दीवार

पंजाब और हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर पर किसानों ने दिल्ली कूच के लिए तैयारी शुरू कर दी है, हरियाणा पुलिस के सुरक्षा चक्र को भेदने के लिए बॉर्डर पर बड़ी पोकलेन मशीन मंगवाई गई है। पोकलेन मशीन के जरिए सीमेंट की बेरिकेडिंग तोड़ी जा सकती है, पोकलेन मशीन को मोडिफाई किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आरजेडी के पूर्व मंत्री ने खोल दिए नीतीश कैबिनेट के कई 'सीक्रेट', भौंचक्का रह गए स्पीकर और सभी मिनिस्टर



पटना। बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को अजीब स्थिति पैदा हो गई। राजद के पूर्व मंत्री ने क्रेडिट लेने के चक्कर में नीतीश कैबिनेट के कई राज खोल दिए। इस दौरान सदन में मौजूद स्पीकर और जदयू-भाजपा की गठबंधन वाली सरकार के मंत्री हतप्रभ रह गए।

### जन संसाधन विभाग पर बोलना था, शिक्षा पर बोलने लगे

दरअसल, हुआ यूं कि मंगलवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग के अनुदान की मांग पर चर्चा हो रही थी, लेकिन अपने बयानों के लिए चर्चित राजद विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर एक बार फिर तय विषय से हटकर बोलने लगे।

वे बिहार लोक सेवा आयोग से हुई शिक्षक नियुक्ति का खुद श्रेय लेने लगे। अपने सत्रह माह के कार्यकाल में शिक्षा में सुधार लाने का दावा करने लगे। उन्होंने मंत्री पद पर रहते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जो गोपानीय व व्यक्तिगत बातें की थीं, उसे भी सदन में विजय कुमार चौधरी से मुखातिब होकर सदन को बताने लगे।

### स्पीकर ने टोककर कहा-आसन की ओर देखकर बोलिए

इससे हतप्रभ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उन्हें टोकते हुए कहा कि आसन की ओर देखिए और बोलिए। आपने अपने कार्यकाल के कई राज सदन में खोले। उन्होंने कहा कि आपने पद गोपनीयता की शपथ ली है। फिर कैबिनेट की बातें यहां कैसे सार्वजनिक कर सकते हैं? मगर प्रो.चन्द्रशेखर अपनी ही बात कहते रहे।

### मैं सीएम के पैर छूता हूं, पर मेरा स्टैंड अलग

प्रो. चन्द्रशेखर ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री के पैर छूता हूं, परंतु बड़े भाई के तौर पर। ये मेरा निजी मामला है, लेकिन जब सिद्धांतविहीन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यूपी में गठबंधन के लिए अखिलेश का आखिरी दांव, कांग्रेस को दिया 17 लोकसभा सीटों का ऑफर



लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों का ऑफर दिया है, यह सीटों की संख्या के तौर पर सपा की ओर से आखिरी ऑफर है. कांग्रेस की मुरादाबाद और बलिया जैसी सीट चाहती है, जिस पर अभी चर्चा जारी है।

मुरादाबाद समाजवादी पार्टी की जीती हुई सीट है जबकि बलिया समाजवादी पार्टी की मजबूत सीटों में से एक है, मेयर के चुनाव में कांग्रेस पार्टी मुरादाबाद की सीट पर नंबर दो थी जबकि कुछ हजार वोटों से वह हार गई थी। वहीं बलिया की सीट समाजवादी पार्टी से कांग्रेस अपने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के लिए चाहती है। बता दें कि अगर आज देर रात तक कांग्रेस से सीटों पर सहमति नहीं बन पाती है तो मंगलवार को अखिलेश यादव का रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होना मुश्किल होगा। अखिलेश यादव ने कह दिया है की सीट शेयरिंग फाइनल होने के बाद ही समाजवादी पार्टी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होगी।

समाजवादी पार्टी ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 11 और उम्मीदवारों का ऐलान किया है, पार्टी ने मुजफ्फरनगर, गाजीपुर जैसी अहम लोकसभा सीटों पर भी उम्मीदवार उतारे हैं। मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को टिकट दिया गया है और गाजीपुर से मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को टिकट दिया गया है।

सपा ने शाजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से उषा वर्मा, मिश्रिख लोकसभा सीट से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से एसपी सिंह बघेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेन्द्र सिंह और आंवला लोकसभा सीट से नीरज मौर्य को टिकट दिया है।

### सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए उतारे कुल 27 उम्मीदवार

समाजवादी पार्टी ने इससे पहले 30 जनवरी को उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें 16 कैंडिडेट्स के नाम घोषित किए गए थे, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाजपा के राजा देवेंद्र प्रताप सिंह निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित, सीएम साय सहित भाजपा नेताओं ने दी बधाई



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के नेता राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को छत्तीसगढ़ से निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुना गया है। यह सीट राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के कार्यकाल खत्म होने के चलते खाली हुई थी।

मंगलवार प्रदेश के विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा है। इस मौके पर शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा विधायक अजय चंद्राकर समेत अन्य मौजूद रहे।

देवेंद्र के राज्यसभा सदस्य के तौर पर निर्विरोध चुने जाने पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे पहले निर्वाचन अधिकारी और विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। शर्मा ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया और पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री, मंत्रियों व अन्य नेताओं ने बधाई दी। राज्यसभा का टिकट मिलने फिर नामांकन और जीत हासिल करने के बाद राजा देवेंद्र प्रताप ने भाजपा आलाकमान का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि मैंने जनता की सेवा के लिए सरकारी नौकरी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली थी। अब नई जिम्मेदारी मिली है। 14 फरवरी को राजा देवेंद्र प्रताप सिंह ने भरा था। वह रायगढ़ के लैलूंगा से आते हैं। वह यहां के जिला पंचायत सदस्य हैं और जनजाति गौरव समाज के भी मुखिया हैं।

इसके अलावा राजा देवेंद्र प्रताप रेल मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं। वे रायगढ़ राजघराने से संबंध रखते हैं। देवेंद्र प्रताप रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह के परपोते हैं।

# विधानसभा में पूर्व मंत्री को आया हार्ट अटैक, सीएम साय ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना



रायपुर। पूर्व मंत्री व कोंटा विधायक कवासी लखमा की तबीयत मंगलवार को अचानक बिगड़ गई। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान उन्हें माइनर हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद उन्हें रायपुर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को लखमा विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे।

दोपहर को खाना खाने के बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया एक्स पर लिखा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व मंत्री श्री कवासी लखमा जी को हृदयाघात की दुःखद सूचना प्राप्त हो रही है। मैं प्रभु श्रीराम से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ सरकार पीएम आवास बनाने के लिए फ्री में देगी रेत : वित्त मंत्री ओपी चोधरी ने विधानसभा में की घोषणा



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार अब ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए निशुल्क रेत उपलब्ध कराएगी। इस संबंध में मंगलवार को विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव में कोई छोटे-मोटे काम के लिए रेत ले जा रहा है, तो उसे रोका नहीं जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सवाल पर उन्होंने कहा कि गांव वालों को खुद के उपयोग के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाने छोटे ट्रैक्टर से रेत मुफ्त में दिया जाएगा।

बीजेपी-कांग्रेस के कई विधायकों ने रेत के अवैध खनन का मामला सदन में जोर-शोर से उठाया। बिलासपुर में अरपा से रेत के अवैध खनन का मामला भी गूंजा। ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर भी सवाल किए गए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री आवास के लिए रेत ले जाने की गांव वालों को अनुमति देते हैं? ये बड़ी बात होगी। इस पर मंत्री ओपी चौधरी ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि गांव वालों के खुद के उपयोग के लिए और प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए छोटे ट्रैक्टर से रेत फ्री में दिया जाएगा।

### पूर्व की तरह इसका अधिकार ग्राम पंचायत को दिया जाए

धर्मजीत सिंह ने पंद्रह दिन तक अभियान चलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने रेत का बड़ा खेल खेला है। बेहतर होगा कि पूर्व की तरह इसका अधिकार पंचायत को दिया जाए। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि विभाग इस पर नजर है और उचित कार्रवाई की जा रही है। आसंदी ने मंत्री से कहा कि आप ऐसी कठोर कार्यवाही कीजिए कि नजीर बने। इसके साथ ही मंत्री चौधरी ने आगामी 15 दिनों तक रोज कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने सदन में मामला उठाते हुए कहा कि अवैध रेत खदान की शिकायत आई है। क्या रेत खदानों में मशीनों से लोडिंग की अनुमति है? इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि किसी को मशीन से लोडिंग की अनुमानित नहीं है। बिना अनुमति के अगर कहीं खनन चल रहा है तो इस पर कार्रवाई की जाएगी। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि आप अभी हेलीकॉप्टर से अभी चलिए, अगर 200 से ज्यादा (शेष पृष्ठ 6 पर...)


मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर, लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की, सागौन डोर, माइका डोर, माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी दीमक से बचत वाटर फ्रुफ 10 वर्ष की गांरटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

दादाजी डेंटल क्लीनिक
डॉ. सुबोध गुप्ता
BDS, DADS
प्रतिदिन उलब्ध- सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक
रविवार अवकाश
अग्रसेन भवन के पास भरकापारा, राज.
फोन-07744-470074


# सोनिया पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित, नड्डा सहित ये उम्मीदवार भी निर्विरोध चुने गए



जयपुर/गांधीनगर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गईं। इसके अलावा, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है। मंगलवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए।

राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह (कांग्रेस) और भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद पिछले साल दिसंबर में इस्तीफा दिया था। जिसके बाद तीसरी सीट खाली थी। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं। राज्य में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। नतीजों के बाद राज्यसभा में राजस्थान से कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य होंगे।

### गुजरात : जेपी नड्डा को भी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया

वहीं, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है। राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं। सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात से राज्यसभा की चार खाली सीटों के लिए किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी रीता मेहता ने नड्डा सहित चारों भाजपा उम्मीदवारों को संसद के ऊपरी संदन के लिए निर्विरोध विजयी घोषित किया। नड्डा के अलावा राज्यसभा के जिन तीन भाजपा नेताओं को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है, उनमें हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, भाजपा नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम नरेंद्र मोदी ने किया भिलाई आईआईटी का वर्चुअल लोकार्पण, कवर्धा और कुरुद को मिला सेंट्रल स्कूल भवन



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू के एमए स्टेडियम में साढ़े 32 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 400 एकड़ में बने भिलाई आईआईटी के स्थाई कैंपस, कवर्धा और कुरुद केन्द्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। आईआईटी कैंपस करीब 400 एकड़ रकबे में बना है। पीएम मोदी ने 14 जून 2018 को भिलाई आईआईटी की आधारशिला रखी थी। यह देश का 23वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान है।

भिलाई आईआईटी का निर्माण कार्य 8 जुलाई 2020 को शुरू हुआ था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 1090 करो? 18 लाख रुपये आईआईटी के लिए स्वीकृत किए गए थे। कैंपस में लेक्चर हॉल, सेमिनार रूम, क्लास रूम आदि बनाये गये हैं। भिलाई आईआईटी में निर्मित भवनों के नाम छत्तीसगढ़ के प्रमुख नदियों और पर्वतों के नाम पर रखे गये हैं।

इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान,सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और ललित चन्द्राकर मौजूद रहे। भिलाई आईआईटी के अधिशासी मंडल के अध्यक्ष के वेंकटरमन ने दिया स्वागत भाषण दिया। भिलाई आईआईटी के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भिलाई आईआईटी के सात वर्षों के सफर की दी जानकारी दी।

कवर्धा का केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11वीं तक संचालित है। जिसमें 486 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। अध्यनरत विद्यार्थियों में 248 छात्र और 238 छात्राएं शामिल हैं। नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन में सभी कक्षाएं उच्च स्तरीय तरीके से बनाए गए हैं। परिसर में खेल, संगीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त जगह तैयार की गई है। केन्द्रीय विद्यालय वर्तमान में आउटडोर स्टेडियम परिसर कवर्धा में संचालित हो रही है। नए भवन में शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है।

# उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रतियोगिता में शामिल होकर खिलाड़ियों एवं आयोजकों का बढ़ाया उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में खेली जा रहे पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में शामिल होकर खिलाड़ियों एवं आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने मैदान पर पहुंचकर बल्लेबाजी की, गेंदबाजी का दायित्व पूर्व सांसद मधूसुदन यादव ने संभाला, वहीं विकेट कीपर की भूमिका में कलेक्टर संजय अग्रवाल थे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद की एक गेंद पर चौका मारकर वाह-वाही लूटी। वहीं इस भव्य व गरिमामय आयोजन के लिए आयोजन समिति व खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये मैच में नागरिक-ए ने नागरिक-बी को, नागरिक-सी ने नगर निगम को और टैक्स बार एसोसिएशन ने न्यायालय इलेवन को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर 2-2 अंक प्राप्त किया। दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास की पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले मैच में नागरिक इलेवन ए ने नागरिक इलेवन बी को 8 विकेट से पराजित किया। नागरिक बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए किशोर यादव और आलोक श्रोती के बीस-बीस रनों की बदौलत पांच विकेट पर 63 रन बनाये थे। जिसके जवाब में जीत के लिए आवश्यक नागरिक ए ने 6.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 65 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच में विरेन्द्र जैन ने 20 रन बनाये।

**○ टैक्स बार की न्यायालय इलेवन पर संघर्षपूर्ण जीत**
**○ नागरिक-सी ने नगर निगम को और नागरिक-ए ने नागरिक-बी को हराया**

दूसरे खेले गये मैच में नागरिक इलेवन सी ने नगर निगम को 4 रन से रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। नागरिक सी ने 5 ओवर में विकेट खोकर 34 रन बनाये, जिसमें हनी ग्रेवाल के 14 रन थे। वहीं नगर निगम की टीम 5 ओवर में महज 30 रन ही बना पाई। तीसरे खेले गये संघर्षपूर्ण मैच में टैक्स बार एसोसिएशन ने न्यायालय इलेवन को 6 रन से पराजित किया। टैक्स बार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 63 रन बनाये थे। जिसमें धनेश साहू के 15 व लोकेश चौरसिया ने 11 रन बनाये। न्यायालय इलेवन के बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट होने के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। न्यायालय इलेवन ने 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 57 रन बनाये। खेले पहले मैच में भावेश बैद द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार नागरिक इलेवन के ईश्वर साहू को, दूसरे मैच में नागरिक सी के कादिर सोलकी को और तीसरे मैच में टैक्स बार के धनेश साहू की दिया गया।

### आज के मैच

पहला मैच संध्या 5 बजे से नागरिक इलेवन विरूद्ध डॉक्टर इलेवन, दूसरा मैच संध्या 6.15 बजे से न्यायालय इलेवन विरूद्ध नागरिक इलेवन सी, तीसरा मैच रात्रि 7.30 बजे से नगर निगम विरूद्ध प्रशासन इलेवन एवं चौथा मैच रात्रि 8.45 बजे से प्रेस क्लब विरूद्ध पुलिस इलेवन के मध्य खेला जाएगा।

# जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में आयुष शर्मा द्वितीय



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों 18 फरवरी को वेसलियन स्कूल में जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्व श्री पुरुषोत्तम अजमानी की स्मृति में किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग 74 से 84 किलो वर्ग में सुशील शर्मा व्याख्याता के सुपुत्र आयुष शर्मा ने सिल्वर पदक हासिल कर द्वितीय स्थान पर रहे। आयुष शर्मा राजनांदगांव स्थित स्टार फिटनेस जिम में कोच नारायन लोहार के सानिध्य में पावर लिफ्टिंग करते हैं। आयुष शर्मा वर्तमान में बीआईटी कॉलेज दुर्ग में इंजीनियरिंग कर रहे है। उनके इस उपलब्धि पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव पिता सुशील शर्मा, माता श्रीमती सीमा शर्मा, शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष विरेन्द्र दुबे के जिला अध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिकों और इस्ट मित्रों ने आयुष शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पहला कॉलम...

### संस्कार श्रद्धांजलि ने रमन गोस्वामी के अस्थियों को शिवनाथ नदी में किया विसर्जन



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ निवासी रमन गोस्वामी की स्थानीय जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु होने पर उनकी धर्मपत्नी बृहस्पति गोस्वामी ने संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ से अपनी आर्थिक स्थिति दयनीय होने से व परिवार व किसी रिश्तेदार के न होने से अंतिम संस्कार के लिए अनुरोध किया था। संस्था द्वारा विधिवत हिंदू संस्कृति अनुसार अंतिम संस्कार उपरांत तीसरे दिन उनके अस्थि फूलों को चुनकर शिवनाथ नदी में विसर्जित किया गया।

### दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक व औद्योगिक भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के एम.कॉम. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के निर्देशन व विभागाध्यक्ष एस.के.उके के मार्गदर्शन में 17 फरवरी को दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, ग्राम करकाभाट जिला बालोद का भ्रमण कराया गया। सहकारी शक्कर कारखाने के प्रबंधक संचालक राजेंद्र प्रसाद राठिया कारखाने की विस्तृत जानकारी बताते हुए शक्कर बनाने की पूरी प्रक्रिया का वर्णन किया। इसके साथ ही सियादेवी व गंगा मैया मंदीर का दर्शन कराया गया व पास में स्थित तांदुला बांध के मनोरम दृश्यों का आनंद लिया। तत्पश्चात एम.ओ.यू गतिविधि के तहत छात्रों को शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में सहायक प्राध्यापक एच.सी. जैन, श्रीमती स्वयंसिद्धा झा व महिमा जोबनपुत्रा ने छात्रों का नेतृत्व किया।

### मन्नूलाल साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम रवेली निवासी मन्नू लाल साहू का स्वर्गवास आज दिनांक 21 फरवरी को हो गया है। वे गांव के मिलनसार व्यक्ति थे। वे अपने पीछे 2 पुत्र व नाती पोतो से भरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम रवेली के मुक्तिधाम में किया जायेगा।

# युगांतर संगीत-कला महाविद्यालय में संगीत डिप्लोमा परीक्षाएं संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। युगांतर संगीत कला महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र में एशिया के प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा गायन, तबला एवं कत्थक नृत्य विषय की दो वर्षीय-'प्रथमा' दो वर्षीय-'मध्यमा' एवं दो वर्षीय-'विद' डिप्लोमा की लिखित एवं प्रायोगिक परिक्षाएं सफलता पूर्वक संचालित हुई। वर्तमान परीक्षा सत्र 2023-24 के प्रायोगिक परीक्षा में वि.वि. खैरागढ़ से आए परीक्षकों ने उल्लेखित विषय के आवश्यकतानुसार संगीत की बारीकियों का विवेचन किया। परीक्षार्थियों ने भी संगीत को जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग माना। उन्होंने जीवन में संगीत का महत्व एवं बारीकियों का अहसास कराते हुए सभी जन को अनिवार्य रूप से संगीत शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान तबला में देवेश कुमार, गायन में ऋषभ मिस्त्री, कथक नृत्य परीक्षक-विशेषकर शोधार्थी विशाल ठाकुर शिमला ने अपने विशद ज्ञान से लगभग 80 परीक्षार्थियों को प्रभावित किया है। इन गतिविधियों को संचालित करने में संगीत शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरि, आकांक्षा चतुर्वेदी, नृत्य शिक्षिका अमीषा सोनी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इस अवसर पर युगांतर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि युगांतर संगीत-कला महाविद्यालय 2003 से सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। यह इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त केंद्र है। यह राजनांदगांव जिले के लिए गौरव की बात है। पूरे क्षेत्र में संगीत (गायन, तबला, नृत्य) कला के विद्यार्थी यहां प्रारंभिक ज्ञान ग्रहण व विभिन्न डिप्लोमा प्राप्त करके अपना भविष्य सुनहरा बना रहे हैं। संगीत की परीक्षाएं सफलतापूर्वक संचालित होने पर युगांतर के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# आज से पॉवर कम्पनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मेजबानी में 21 फरवरी से 23 फरवरी तक अन्तक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव स्थित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम (एस्ट्रोटॅर्फ) में किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में विद्युत कम्पनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्रीडा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, प्रतिबद्धता एवं खेलभावना को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। विद्युत कम्पनी के क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने इस प्रतियोगिता के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के विद्युत कम्पनियों की 10 टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मडवा (जांजगीर चांपा), बिलासपुर क्षेत्र, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं अम्बिकापुर क्षेत्र के टीमों के खिलाड़ी अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेंगे। सभी टीमों को दो ग्रुप में बाँटकर लीग पद्धति से मैच खेले जायेगे। सभी मैचों के लिए निर्णायक की भूमिका में जिला हॉकी संघ द्वारा नियुक्त रेफरी उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम के मुख्य आतिथ्य में होगा।

**अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित सभी मैच होंगे**

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष विद्युत मण्डल की सभी कंपनियां सिविल सेवा प्रतियोगिता के अनुपालन में सभी प्रकार के खेलों का आयोजन करती है। इसी तारतम्य में विद्युत मुख्यालय रायपुर द्वारा राजनांदगांव क्षेत्र को अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई हैं। हॉकी की नर्सरी के रूप प्रसिद्ध संस्कारधानी में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर विद्युत कम्पनीज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल हैं। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के गत वर्ष के सफल आयोजन को देखते हुए सभी मैच बेहद ही रोमांचक होने के आसार हैं।

# वैंकटेश राव बने बजरंग सेना के शहर अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 20 फरवरी को बलभद्री जमात मंदिर में बजरंग सेना की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बजरंग सेना के राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री एवं बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे की अनुशंसा पर वैंकटेश राव को शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष भाई वैंकटेश राव को राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा ने बधाई देते हुए बजरंग सेना के कार्यों से अवगत कराया गया एवं बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी एवं बजरंग सेना के जिला के सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त शहर अध्यक्ष बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे ने उन्हें बजरंग सेना के नियमों से अवगत कराया और उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी पदाधिकारी हिन्दू धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं जो भी हमारी हिन्दू संस्कृति को ठेस पहुंचाने की कोशिश करेगा उसे हम कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस उद्घोषणा के पश्चात पूरा माहौल बजरंगबली के नाम से गूंज उठा एवं सभा कार्यकर्ताओं ने श्री राम जी के जयघोष से पूरा माहौल राम मय हो गया। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू वर्मा, जिला महामंत्री अशोक निर्मलकर, जिला प्रभारी नितेश यादव, जिला संयोजक तामेश्वर साहू, जिला सचिव ढालेश वैष्णव, जिला संगठन मंत्री लाल मुनई, जिला सचिव एवं कानून मंत्री अशोक श्रीवास, जिला सहसंयोजक गीतेश गुप्ता, जिला मिडिया प्रभारी सुशील तिवारी एवं राजकमल ध्रुव, जिला संरक्षक शिव वर्मा एवं दुर्गेश यादव आदि उपस्थित थे।

### एनपीएस में बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों नगर के अग्रणी शिक्षा संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्या के साथ-साथ, प्रबंध निदेशक संतोष कांकरिया, सचिव कमलेश उभरानी सहित समस्त एकेडेमिक इंचार्ज एवं सिनियर विंग के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आयोजन में उपस्थित शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते, प्रबंध निदेशक संतोष कांकरिया तथा संबद्ध शिक्षकों ने अपने प्रेरणादायी तथा विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त करने वाले उद्बोधनों से विद्यार्थियों को संबोधित किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

साकिन-लिमो

रा.प्र.क्र./202402290400005/ अ-02 वर्ष-2023-24

एतद् द्वारा जरिये ईश्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शाहिदा बेगम पति सलीम खां, जाति-मुसलमान, निवासी ग्राम-लिमो, तहसील-गण्डई द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम-लिमो, प.ह.नं. 15, तहसील-गण्डई, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 218/3 रकबा 0.0570 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 21.02.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 05.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गण्डई-छुईखदान**

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-8
479-0 257-4

राजधानी
2-6-0
579-1 669-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पीएम आवास के पात्र हितग्राहियों के मकान आबंटन लिए खुलेगी लॉटरी

राजनांदगांव (दावा)। शहर एवं ग्रामीण इलाके में गरीब तबके के आवास हीन लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसमें दो तरह के काम हो रहे है एक तो किराएदारों के लिए स्वयं के आवास पाने मोर मकान-मोर आस और दूसरा मोर-मकान-मोर चिन्हारी है दोनों में ही पात्र गरीब परिवार के लोगों को मकान बना कर दिया जा रहा है। इसके तहत लखोली-पेंड्री, मोहारा, रेवाडीह आदि इलाकों में मकान निर्माण किया गया है और कुछ आवास का काम लगातार जारी है जहां मकान फ्लैट आदि बन गए है वहां लोग रहना भी शुरू कर दिए है। बताया जा रहा है कि पीएम आवास के पात्र हितग्राही जिनकी संख्या 449 है उनको आज कल में लाटरी सिस्टम द्वारा आवास आबंटित किया जाएगा।

बता दे कि जरूरतमंद लोगों को मकान उपलब्ध कराने के नाम पर भर्राशाही भी देखी गई है जिस पर प्रायः उगलियां भी उठती रही है। लोगों द्वारा निगम की कार्यप्रणाली को लेकर क्षोभ व्यक्त करते देखा गया है। आलम यह भी रहा कि इस तरह के मामले में एक लखोली की महिला व एक बसंतपुर के पुरूष सहित दो लोग मौत के शिकार भी हो चुके है।

हालांकि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा पीएम आवास को लेकर तमाम दावे किए जा रहे है लेकिन पता चलता है कि शहर के ढाई हजार से अधिक परिवारों को उनका मकान नहीं मिल पा रहा है। लोग पीएम आवास के लिए नगर निगम के दसियों चक्कर लगा रहे है। दावा संवाददाता के सामने ही अपने घर-परिवार से अलग रह रहे दम्पत्ति जिनका राशन कार्ड भी अलग है, उनके द्वारा पीएम आवास की मांग की गई है लेकिन चूंकि उनके घर-परिवार वालों के पास अलग पक्का मकान है इसलिए उनका नाम पीएम आवास के किए पात्र नहीं समझा गया। जानने में यहां तक आ रहा है कि पीएम आवास के लिए निगम की लिस्ट में नाम लाने और किस्त दिलाने के लिए दलालों का गिरोह भी काम कर रहा है। जिनके द्वारा पात्र अथवा अपात्र हित ग्राहियों से हजारों रूपए ऐंठ लेने बात सामने आ रही है। इस तरह के कई केसेज भी सामने आ चुके है और बात पुलिस तक भी पहुंच चुकी है। इसमें निगम स्टॉफ की भी मिली भगत होने की बात भी सामने आते रहती है। गनीमत यह है कि शहरी इलाके में पीएम आवास निर्माण का काम लोगों की नजर में होने व मानीटरिंग होने की वजह से थोड़ी बहुत ठीक-ठाक है लेकिन सबसे खराब हालत ग्रामीण इलाकों की है। जहां ठेकेदारों की बादशाहत चलती है। लिस्ट में नाम आने के बाद वह अपने मनमर्जी के अनुसार जिसको चाहे जल्दी या आराम से मकान निर्माण कर के दे। इसी तरह पीएम आवास योजना के नियम भी बड़े कारण बने हुए है। क्योंकि स्वीकृति के बाद हितग्राही को पहली किस्त तभी मिलेगी जब वह अपनी जमीन पर आवास का फांउडेशन तैयार कर लेगा। उसके निरीक्षण के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ती है। पहली किस्त आने के बाद हितग्राहियों की परेशानी बढ़ती है क्योंकि आगे का काम किस्त पर ही निर्भर रहता है जिसमें प्रायः लेट-लतीफ होती है।

**आवास आबंटन को लेकर प्राय: उठती रही उगलियां... दो लोग हुए मौत के शिकार**

### 0 पीएम आवास निर्माण पर एक नजर

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीएम आवास योजना के मोर जमीन-मोर मकान के तहत 9095 आवास की स्वीकृति हुई है जिसमें 6255 पूरा हो चुका है व 1934 निर्माणधीन है। इसी तरह मोर मकान-मोर आस के तहत 1930 आवासों की स्वीकृति हुई है। जिसमें से 1282 पूरा हो चुका है और 648 अपूर्ण है। इसमें 85 किराएदार तथा 380 झुग्गी क्षेत्र के लोगों को एलाट कराया गया है वही 803 की खतौनी का दावा आपत्ति 27 फरवरी तक के लिए की गई है। आंकड़ों की माने तो बीएलसी 2283 और एचपी में 648 मकानों का पूर्ण होना बाकी है ऐसी ही स्थिति ग्रामीण इलाकों में है जहां किश्त नहीं आने पर लम्बे समय से मकानों का निर्माण अटका हुआ है। बता दे कि रेवाडीह-मोहारा-लखोली, पेंड्री, मोहारा आदि जगहों में फ्लैट सिस्टम से भी मकान बन रहे है। इन जगहों में कई स्थानों पर मकान बन चुके है तो कई स्थान पर अभी भी कार्य जारी है जिसे कछुवा गति पर चलना बताया जा रहा है। जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि पीएम आवास के आबंटन निगम की कार्यप्रणाली को लेकर उगंलिया उठती रही है।

पीएम आवास निर्माण में केन्द्र का फंड व राज्यांश शामिल होने कारण राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप भी सामने आए है। अस्तु तालमेल का प्रभाव व ठेकेदार से लेकर निगम की कार्यप्रणाली के चलते हितग्राहियों को काफी समय से किश्त नहीं मिल पाने की वजह से निर्माण कार्य में बेवजह विलम्ब हो रहा है। इससे लोगों में असंतोष की स्थिति निर्मित होना स्वाभाविक है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं SHRADDHA SANKHLA (DOB-15/12/1976) W/O SUDHIR KUMAR SANKHLA, WARD 24, KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON की निवासी हूं। मैंने अपना नाम परिवर्तित करके "SHRADHA SANKHALA" रख लिया है। अब से सभी दस्तावेजों में यही नाम से जानी जाऊंगी।

**SUDHIR KUMAR SANKHLA**
**WARD 24, KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं SUDHIR SANKHLA (DOB-04/09/1975) S/O PRAKASH CHAND SANKHLA, WARD 24, KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON का निवासी हूं। मैंने अपना नाम परिवर्तित करके "SUDHIR KUMAR SANKHLA" रख लिया है। सभी दस्तावेजों में अब यही नाम से जाना जाऊंगा।

**SHRADHA SANKHALA**
**WARD 24, KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सोमेश कुमार जैन स्व. लालचंद जी जैन निवासी मकान नं. 198 वार्ड नं. 14 बाजार चौक सोमनी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में यहा शपथ करता हूँ कि मैं अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम सोमेश जैन स्व. लालचंद जी जैन निवासी मकान नं. 198 वार्ड नं. 14 बाजार चौक सोमनी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) रख लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सोमेश जैन स्व. लालचंद जी जैन से ही जाना पहचाना जावे।

**सोमेश जैन**
**मकान नं. 198 वार्ड नं. 14 बाजार चौक सोमनी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

# लखोली मंडई 23 फरवरी को

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखोली वार्ड नंबर 31, 32, 33, 35 व 36 में 23 फरवरी दिन शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में रखा गया है। साथ ही रात्रि में सुरगी वाले का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। लखोली मड़ई मेला कार्यक्रम के संयोजक संतोष साहू ने समस्त ग्रामवासियों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
17th Feb to 22nd Feb 2024




Madame Web (Hindi)- 03:30 and 09:30 pm
Aakhir Palaayan Kab tak - 06:15 pm
Dashmi - 12:15 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Fighter - 12:30, 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# स्वदेशी उत्पादन से भारत आत्मनिर्भर बनेगा- खूबचंद पारख

राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी मेले के चतुर्थ दिन आयोजित कार्यक्रम में आज विशेष अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित थे।

मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतमाता एवं महात्मा गांधी के तेल चित्र पर अतिथियों ने पुष्पाहार अर्पित किया, तत्पश्चात स्वागत प्रतिवेदन स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डढ्ढा ने दिया, तत्पश्चात वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, सुरेश एच लाल, सचिन बघेल, रविंद्र वैष्णव, राजेंद्र गोलछा, बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, धम्मन साहू ने स्वदेशी के बारे में उपयोगी उद्बोधन दिया।

मंच से खूबचंद पारख ने कहा कि भारत के जीडीपी के आंकड़ों से भारत आज तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है इसके पीछे स्वालंबी भारत और आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी भूमिका है, जिसमें स्वदेशी अभियान बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब लोगों का रुझान स्वदेशी की ओर बढ़ने लगा है, इसमें आम नागरिक की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होती जा रही है उन्होंने कहा कि स्वदेशी के उत्पादन से लोग सरकारी नौकरी में आश्रित रहने के बजाय लोगों को नौकरी देने के सक्षम बना रहे हैं और मालिक बनकर लोग दूसरों को नौकरी दे रहे हैं, यह गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कुटीर उद्योग, लघु उद्योग और महिला स्वयं सहायता समूह की भागीदारी से स्वदेशी अभियान को संबल मिला है।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वदेशी इलेक्ट्रिक कार की लांचिंग की

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी स्वदेशी मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आयोजन को सफल बताते हुए कहा कि वे जहां स्वदेशी मेरा लगता है, उसे प्रोत्साहित करने के लिए जरूर जाते हैं। श्री अरुण साव ने मेले के पश्चात टाटा कंपनी की शुद्ध स्वदेशी मॉडल की इलेक्ट्रिक कार का विधिवत उद्घाटन करते हुए राजनांदगांव में लांचिंग भी किया।




इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डढा, सहसंयोजक किसुन यदु, राजा मखीजा, योगेश बागड़ी, स्वदेशी मंच के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, तरुण लहरवानी, रवि सिन्हा, कमल सोनी सहित बड़ी संख्या में स्वदेशी मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डोंगरगढ़ में भी लगेगा स्वदेशी मेला

कार्यक्रम में बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्वदेशी मेले की प्रशंसा करते हुए इसे डोंगरगढ़ में भी आयोजित करने का विषय रखा, जिसे उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सहमति देते हुए कहा कि डोंगरगढ़ धार्मिक नगरी है वहां भी स्वदेशी मेले का आयोजन होना चाहिए, जिस पर प्रबंधक सुब्रतो चक्की ने सहमति व्यक्त की।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार घोषित किए गए

स्वदेशी मेले मे विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन मेले मे आने वाले बच्चो का उत्साहवर्धन करने के लिए समिति के मातृशक्तियों के मार्गदर्शन मे किया जा रहा हूँ, बच्चों के कला एवं प्रतिभा को उभारने के लिए एक सशक्त मंच स्वदेशी मेले के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है।

स्वदेशी मेले मे विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन मेले मे आने वाले बच्चो का उत्साहवर्धन करने के लिए समिति के मातृशक्तियों के मार्गदर्शन मे किया जा रहा है, बच्चों के कला एवं प्रतिभा को उभारने के लिए एक सशक्त मंच स्वदेशी मेले के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है इसी कड़ी में केस सज्जा प्रतियोगिता, शिशु वेशभूषा, मेहंदी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता अजीत की गई थी जिसमें क्रमशः रोहिणी देशमुख प्रथम ज्योति गे धानी दीप्ति सीमा चौरसिया तृतीय वर्ग ब मे रही वर्ग अ मी निलेश्वरी निषाद प्रथम दीपाल चौरसिया द्वितीय शिशु वेशभूषा में ए वर्ग से मानस चौरसिया विवान चौरडिया अनिका भारद्वाज ब वर्ग से सेजल चौरसिया आर्य गौतम हितांशी सोनी मेहंदी प्रतियोगिता में हितेश्वर निषाद कुकीस्पा फातिमा ब वर्ग अक्षरा मधुरिया लीना माते निकिता वर्मा ज्योति खंडेलवाल निबंध प्रतियोगिता में ए वर्ग से महक शर्मा हरिओम सिंह मुकेश साहू बी वर्ग से नागेश चंद्र साहू गर्वित रवानी धर्मेंद्र साहू क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे निर्णायक मंडल में श्रीमती प्रभा जैन श्रीमती माला शुक्ला रही।

# दिग्विजय महाविद्यालय में निरीक्षण उपरांत व्यवस्था से संतुष्ट- अपर संचालक



राजनांदगांव (दावा)। उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग संभाग के अपर संचालक डॉ. राजेश पाण्डे ने आज 20 फरवरी को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने महाविद्यालय के कैशबुक, उपस्थित पंजी एवं कार्यालय के सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किया। कार्यालय के सभी अभिलेखों का संधारण नियमित रूप से होना पाया गया। अपर संचालक ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, सहा.प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक संयुक्त बैठक लेकर उन्हें अध्ययन-अध्यापन कार्य के सुचारू संचालन, समय में उपस्थिति एवं शासन के मंशानुरूप शोध कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये। अपर संचालक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जो कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में लागू हो चुकी है और इसका दूसरा वर्ष संचालित हो रहा है। इसके सफ्ल संचालन में प्राचार्य को बधाई दी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस हेतु सुझाव दिये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर ने अपर संचालक को महाविद्यालय में संचालित सभी गतिविधियों से अवगत कराया।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत बच्चों को स्कूल में मिल रहा गर्म भोजन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत शालेय अवधि में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना भारत सरकार के साथ राज्य शासन की भी अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है।



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों एवं त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं।

**न्योता भोजन अंतर्गत समुदाय एवं संगठन भी अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में भोजन देने में करें योगदान**

न्योता भोजन पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। न्योता भोजन समुदाय के बीच अपने पन की भावना विकसित करने में मदद करेगा। यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाले भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने में मदद करेगा। यह शाला और स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल के विकास में सहायक होगा। सभी समुदाय, वर्ग के बच्चों में समानता की भावना पैदा करने में मदद करना। पूरक पोषण के माध्यम से न्योता भोजन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने में मदद करना।

# यातायात सुरक्षा अभियान प्रतियोगिताओं में रॉयल किड्स के बच्चों ने मारी बाजी



राजनांदगांव (दावा)। शहर के यातायात पुलिस सुरक्षा केंद्र द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तर पर सभी शाला के बच्चों ने भाग लिया इसमें रॉयल किड्स कान्वेंट की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी महति भूमिका अदा करते हुए विजयी हुईं। इस आयोजन में वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शरण्या श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान साक्षी रावटे व शिवानी यादव ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान श्रेयति लारिया एवं चांदनी साहू ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पर परिधि जैन और सविता नायक रहीं। निबंध प्रतियोगिता में साक्षी सिन्हा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रंगोली प्रतियोगिता में अंजू गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही ये सभी छात्राएं रॉयल किड्स कान्वेंट की होनहार एवं मेघावी छात्राऐं है, ये अनुशासित, मुखारवत्ता एवं नेतृत्व के गुण से परिपूर्ण है। सभी छात्राओं को शाला परिवार की ओर से बधाई एवं ढेर सारा आशीर्वाद दिया गया।

# जिला पंचायत की सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में ली बैठक




राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में बैठक ली। बैठक में सुश्री सुरूचि सिंह ने अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों को पंजीयन के संबंध में आवश्यक जानकारी देने एवं पंजीयन करने में सहयोग करने के निर्देश महाविद्यालयों के प्राचार्य व प्रभारी प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए जानकारी देकर पंजीयन कराएं।

**अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए अधिक से अधिक इच्छुक एवं पात्र युवाओं का पंजीयन कराने के दिए निर्देश**

बैठक में अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि युवा पंजीयन के लिए पंचायत सचिव, स्कूलों के प्राचार्य, महाविद्यालय से संपर्क कर सकते है। इसके साथ ही लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी पंजीयन किया जा सकता है। अग्निवीर थल सेना भर्ती में 6 प्रकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसमें योग्यता आठवीं पास, दसवीं पास तथा 12वीं पास है। इसके लिए पांच प्रकार के दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। सभी दस्तावेजों के साथ लोकसेवा केन्द्रों अथवा स्कूलों व महाविद्यालय में पंजीयन कराया जा सकता है। सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं जिले में ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए पंजीयन कराने कहा गया।

इस अवसर पर उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया, परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज मरकाम, जनपद पंचायत सीईओ, प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आचार्य विद्यासागर जी का जीवन मानव समाज के लिए प्रकाश पुंज - कांग्रेस



राजनांदगांव (दावा)। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी का सल्लेखना सर्व मानव समाज के लिए अपूरणी क्षति कारक है जिस प्रकार से उन्होंने अपने जीवन में कठोर साधना और नियम का पालन किये है वह एक दैदीप्यमान प्रकाश पुंज है उनके देवलोग गमन पर कांग्रेस परिवार ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके श्री चरणों में अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भारत जोड़ो ने यात्रा के ध्वजवाहक राहुल गांधी, छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी शोक संवेदनाएं श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी अंतिम विदाई देने डोंगरगढ़ पहुंचे थे।

प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि मां बम्लेश्वरी की पावन नगरीय डोंगरगढ़ धार्मिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध है, उस पवित्र भूमि पर वर्तमान के वर्धमान निवासरत होकर अपने देह का त्याग किया और यहां की पवित्र भूमि पर उनकी समाधि आम जनता के शीश नमन का एक पवित्र स्थान के रूप में निर्मित होगा जिससे जीवन जीने की कला हेतु प्रकाश मय मार्गदर्शन भी आम जनता को मिलेगी। आचार्य जी को दानदाताओं को कमी नहीं थी किंतु ना तो उन्होंने कोई ट्रस्ट बनाया और ना ही बैंक खाते खुलवाए जो मुनिवर के त्याग, लोभ से दूरी का परिचायक है। ऐसे महान आचार्य मुनि विद्यासागर जी को श्रद्धा सुमन व्यक्त करने वालों में छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, प्रदेश महामंत्री राजनांदगांव लोकसभा के पर्यवेक्षक दीपक दुबे,पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा, राजनांदगांव के छाया विधायक गिरीश देवांगन, दुर्ग लोकसभा के पर्यवेक्षक पदम सिंह कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, भावेश अग्रवाल सहित कांग्रेस के सभी अनुशासंगिक संगठन के जिला, ब्लाक पदाधिकारीयों ने भी अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं।

# विद्यासागर महाराज की चंद्रगिरी में बनेगी समाधि; 22 या 23 को उनके उत्तराधिकारी पहुंचेंगे डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ (दावा)। जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद अब उन्हें विनयांजलि देने देशभर के कोने-कोने से जैन मुनि और लोग चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। चंद्रगिरी जैन तीर्थ स्थल में आचार्य मुनि विद्यासागर जी महाराज की समाधि बनाई जाएगी, वहीं उनके उत्तराधिकारी मुनि श्री समय सागर जी महाराज भी 22 या 23 फरवरी को चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचेंगे।

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने सल्लेखना करते हुए अपना देह त्याग कर ब्रह्मलीन हो गए थे। 18 फरवरी को वह पंचतत्व में विलीन हो गए। डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज को अंतिम श्रद्धांजलि दी गई। जहां हजारों की संख्या में जैन मुनि जैन समाज से जुड़े लोग और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और गणमान्य नागरिकों ने उनके ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने जैन परंपरा अनुसार सल्लेखना धारण कर वह ब्रह्मलीन हो गए और 18 फरवरी को देर रात ढ़ाई बजे के करीब उन्होंने देह त्याग दिया। वहीं इससे पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने आचार्य का पद त्याग करते हुए संघ संबंधी कार्यों से निवृत्ति ले ली और उन्होंने आचार्य पद के लिए योग मुनि शिष्य मुनि श्री समय सागर जी महाराज जी को योग्य समझा और उन्हें आचार्य का पद दे दिया। अध्यक्ष चंद्रगिरी तीर्थ ट्रस्ट किशोर कुमार जैन ने बताया कि जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद उनकी समाधि डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगृह में बनाई जाएगी। वहीं उनके उत्तराधिकारी योग मुनि शिष्य मुनि श्री समय सागर जी महाराज को आचार्य का पद दे दिया। उनके आने के बाद विधिवत उन्हें आचार्य बनाया जाएगा। महाराष्ट्र होते हुए वह चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचेंगे 22 या 23 फरवरी को मुनिश्री समय सागर जी महाराज चंद्रगिरी पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही कई अन्य संत भी उनके साथ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचेंगे, जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। बड़ी संख्या में कोने-कोने से जैन मुनि और जैन धर्म से जुड़े लोग राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पहुंच रहे हैं।विश्व विख्यात जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन के बाद पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जा रहा है। उनका पूरा जीवन लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है उन्होंने पूरे जीवन भर सात्विक जीवन जिया और समाज के प्रति वह कार्य करते रहे डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी में उनकी समाधि बनाई जाएगी जिसको लेकर तैयारी की जा रही है।

# आज ग्राम ठाकुरटोला में समेकित क्षेत्रीय केंद्र के नए भवन का लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार ए. नारायणस्वामी द्वारा आज 21 फरवरी को दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में नवनिर्मित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) के नए भवन का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया जाएगा। नया भवन 32 करोड़ रूपए की लागत से दो मंजिला बना है। नये भवन में दिव्यांगजनों के लिए सारी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है।

इस अवसर सांसद संतोष पांडे, एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के कार्यवाहक निदेशक मेजर बी.वी. राम कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान हितग्राहियों को सहायक उपकरण हियरिंग एड, टीएलएम किट, गतिशीलता उपकरण, व्हील चेयर सहित अन्य उपकरण प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि, सीआरसी के अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन, पालकगण, नागरिकगण उपस्थित रहेंगे।

निदेशक सीआरसी राजनांदगांव श्रीमती स्मिता महोबिया ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव (सीआरसी) की स्थापना 25 जून 2016 को की गई थी। यह राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी) सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। समेकित क्षेत्रीय केंद्र दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम 2016 में उल्लेखित सभी 21 प्रकार के दिव्यांगजनों को पुनर्वास और विशेष शिक्षा सेवाएं प्रदान करता हैं और बहुत से गतिविधियों का संचालन करके शैक्षणिक सेवाएं भी प्रदान करता है। जिसमें अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम और विशेष शिक्षा (बौद्धिक दिव्यांगता) में एक दीर्घकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है।

समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव वर्तमान में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है। जिसमें प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप, व्यावसायिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप, प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, वाक, भाषा और श्रवण जांच, विशेष शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सामाजिक कार्य, प्लेसमेंट, दूरस्थ सेवाएं, मानव संसाधन विकास, अनुसंधान एवं विकास, किरण मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन (एमएचआरएच) छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सीआरसी राजनांदगांव द्वारा संचालित की जाती है। इसके अलावा बौद्धिक दिव्यांजनों को शारीरिक दिव्यांगता के अनुरूप सहायक उपकरण कृत्रिम अंग, बैसाखी, व्हील चेयर आदि और शिक्षण एवं शिक्षण सामग्री (टीएलएम) किट सहित सहायक उपकरणों का नियमित वितरण एडीआईपी योजना के तहत निःशुल्क किया जाता हैं। श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कान के पीछे में लगाने वाली श्रवण यंत्र प्रदान की जाती हैं ।



*सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार ए. नारायण स्वामी वर्चुअल माध्यम से करेंगे लोकार्पण*

### नये भवन की अन्य मुख्य विशेषताएं-

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव का नया भवन ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 32 करोड़ रूपए की लागत से 4151.38 वर्ग मीटर भूमि में निर्मित किया गया है। यह भवन 2 मंजिलों में बहुत अधिक सुविधाओं के साथ बनाई गई है। इमारत को सभी प्रकार के दिव्यांगजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी सार्वभौमिक सुलभ सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। हाथ की रेलिंग के साथ रैंप और सीढ़ियां, ब्रेल साइनेज बोर्ड, पीले रंग के स्पर्शनीय नालीदार टाइल वाले फर्श। गलियारे की चौड़ाई सामान्य से अधिक रखी गई है और दोगुनी ऊंचाई की रेलिंग लगाई गई है, ताकि बौने दिव्यांगजनों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी स्वतंत्र रूप से चलना सुविधाजनक हो। दिव्यांगजनों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सुलभ शौचालयों को कम ऊंचाई और आसान लॉकिंग सिस्टम के साथ तय किया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार के पास दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ पार्किंग सुनिश्चित की गई है। इस सेवाओं के लिए सीआरसी राजनांदगांव में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इस भवन में हरियाली वाले लॉन और उद्यान हैं। भवन परिसर में सौर प्रणाली और वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रस्ताव है। इमारत आधुनिक अग्नि सुरक्षा सेंसर और अग्नि सुरक्षा उपकरणों से भी सुसज्जित है। सीआरसी कैंपस में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा और इस भवन में इंटरनेट लीज्ड लाइन सुविधा उपलब्ध होगी, जो तेज और विश्वसनीय ऑनलाइन संचार में मदद करेगी और हमें वर्चुअल प्रशिक्षण के साथ-साथ टेली-पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। यह भवन दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से बाधा रहित है और इसे दिव्यांगजनों के लिए अत्याधुनिक केंद्र बनाने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

# राधास्वामी सत्संग के लिए व्यास जा रहे दम्पत्ति हादसे के शिकार

राजनांदगांव(दावा)। खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली निवासी दम्पति अपनी मोपेड से राधा स्वामी सत्संग हेतु व्यास जा रहे थे। दोनों व्यास के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें खैरागढ़ हास्पिटल लाया गया जहां से पति की हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे राजनांदगांव मेडिकल कालेज हास्पिटल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में लाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम लखन वर्मा उम्र 63 वर्ष बताया जाता है जबकि बूरी तरह जख्मी हुई उसकी पत्नी गुलाब बाई का पैर फ्रेक्चर होने की वजह से उसका खैरागढ़ में उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**पति की मौत, घायल पत्नी का पैर फ्रैक्चर**

## अनमोल दावा

> जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा।

## बीजापुर में कंपनी कमांडर की हत्या से फिर उठे सवाल, नक्सली हमले सरकार के लिए चुनौती

छत्तीसगढ़ में अब भी नक्सली हमलों को रोक पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। मौका पाते ही नक्सली सशस्त्र बलों पर हमला कर देते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें दावा करती रही हैं कि नक्सलियों पर काफी हद तक नकेल कसी जा चुकी है। मगर हकीकत यह है कि नक्सली सरे-बाजार किसी सुरक्षाकर्मी का कुल्हाड़ी से गला काट कर हत्या कर देते हैं। वहां के बीजापुर जिले में हुई घटना इसका उदाहरण है। भरे बाजार में नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक कंपनी कमांडर का गला काट दिया। इसके पहले कई बार वे बारूदी सुरंग बिछा कर या उनके शिविर और काफिले पर सीधे हमला कर बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर चुके हैं।

पिछली सरकार ने उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कई योजनाएं चलाईं। वनोपज और हस्तशिल्प की खरीद की दरें तय कर दी गईं, ताकि आदिवासी समूहों को आर्थिक संबल मिल सके और वे नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त हो सकें। मगर वे योजनाएं पूरी तरह कारगर नहीं हो पाईं। अब स्थिति यह है कि कुल्हाड़ी से भी सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर आसानी से गायब हो जाते हैं। जाहिर है, उन्हें स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल है।

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या बहुत पुरानी है। उससे पार पाने के लिए कई तरीके आजमाए गए। ज्यादातर मामलों में उनके दमन का रास्ता ही अख्तियार किया गया। उनसे बातचीत के जो भी प्रयास हुए, वे नाकाफी साबित हुए। ज्यादातर नक्सली हमलों में देखा गया है कि उनके पास अत्याधुनिक हथियार और सूचना संसाधन पहुंच चुके हैं। वे सुरक्षाबलों की गतिविधियों और काफिले वगैरह का ठीक-ठीक पता लगा लेते और बारूदी सुरंग बिछा कर हमला कर देते हैं। यह समझना मुश्किल है कि उनके पास इतने हथियार और साजो-सामान पहुंच कैसे रहे हैं।

उन रास्तों पर सुरक्षाबलों की नजर जा नहीं पा रही, जिनके जरिए उन तक साजो-सामान पहुंच रहा है। हालांकि इसके कुछ तथ्य उजागर हैं। जबरन वसूली और मादक पदार्थों की बिक्री से वे अपना वित्तीय ढांचा मजबूत कर पाने में सफल हो जाते हैं। मगर ड्रोन, हेलीकाप्टर आदि का इस्तेमाल होने के बावजूद वे कैसे सुरक्षा इंतजामों को चकमा दे पा रहे हैं, कैसे स्थानीय लोगों का उन्हें समर्थन लगातार मिल पा रहा है, इस पर प्रशासन को गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

सबसे अहम बात कि नक्सली आखिर क्यों व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं। उनकी मांगों को सुनने और उनका कोई व्यावहारिक रास्ता निकालने का प्रयास किया जाता, तो शायद यह समस्या इतने दिन तक न बनी रहती। दरअसल, आदिवासी समुदाय के भीतर यह भय लगातार बना हुआ है कि उनकी जमीन और जंगल हड़प कर सरकार खनिज निकालने वाली कंपनियों को सौंप देना चाहती है। ऐसा अनेक जगहों पर हो चुका है। विकास के नाम पर हर सरकार का प्रयास होता है कि खनिज वाली जगहों का दोहन किया जाए।

मगर आदिवासी इसके लिए तैयार नहीं हैं। उनके इलाकों में स्कूल, चिकित्सालय, सड़क-बिजली-पानी की सुविधा पहुंचाई गई, मगर इससे उनका मन नहीं बदला है, तो इसके लिए दूसरे रास्तों की तलाश जरूरी है। नाराज आदिवासी ही प्राय: नक्सली समूहों को पनाह देते देखे जाते हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपने सिद्धांत से काफी भटका चुका है, मगर वह चुनौती बना हुआ है, यह सरकारों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

# विधायक से सांसद तक पिछले 10 सालों में अनेक नेताओं ने कांग्रेस का हाथ छोड़ा

नई दिल्ली (सं.न्यू.)। लोकसभा के चुनाव के पहले कांग्रेस को बड़े झटके लग सकते हैं। कांग्रेस जबसे केन्द्रीय सत्ता से बाहर है, तभी से उसके अनेक नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। हाल ही, महाराष्ट्र में से दो दिग्गज नेताओं में मिलिन्द देवड़ा और अशोक चौहान ने पार्टी को अलविदा किया था। अगर 2014 और 2019 के बाद से दृष्टिपात करें तो विभिन्न राज्यों से अनेक कांग्रेसियों ने निकटतम लोकसभा चुनाव के पहले पार्टी छोड़ दी है।

2021 में एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म की रिपोर्ट के अनुसार 1.133 चुनावों के उम्मीदवारों और 500 सांसदों तथा विधायकों ने शपथ पत्र के आधार पर चुनाव जीते थे। ये वे नेता थे जिन्होने 2014 के बाद लोकसभा, विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी बदली थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2014 के बाद कांग्रेस के नेताओं ने सर्वाधिक दलबदल किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल दलबदल में से 35 प्रतिशत विधायकों और सांसदों ने 2014 से 2021 के बीच कांग्रेस का साथ छोड़ा है। दलबदल करने वालों में लगभग 35 प्रतिशत विधायक भाजपा में शामिल हुवे हैं। कांग्रेस के 20 प्रतिशत चुनावी उम्मीदवारों ने पार्टी छोड़ी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014-2021 के दौरान कांग्रेस पार्टी में से कुल 399 नेताओं ने दलबदल किया है।

2014 में नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए, उसके बाद और 2019 के बाद दोबारा उनके नेतृत्व में भाजपा दूसरी मर्तबे सत्ता में आयी तब कांग्रेस की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। एक-एक करके उसके कई दिग्गज नेताओं और उभरते युवा चेहरों ने पार्टी छोड़ दी थी।

### 2014-2021 तक कांग्रेस से कुल 399 छोटे-बड़े नेताओं ने पार्टी बदली

### दल बदल करने वाले 35 प्रतिशत विधायक भाजपा में शामिल

### अल्पेश ठाकोर

कांग्रेस के विधायक रहे अल्पेश ठाकोर ने जुलाई 2019 में राज्यसभा के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार के सामने याने विरोध में मतदान करने के बाद पार्टी छोड़ दी थी। कुछ दिनों के बाद भाजपा में वह शामिल हो गया। भाजपा ने उसे राजनपुर से मैदान में उतारा था, किन्तु वे चुनाव हार गये थे। 2022 में हुवे चुनाव में उसने गांधीनगर दक्षिण की बैठक से चुनाव जीता था।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया

कांग्रेस के दिग्गज नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मार्च 2020 में पार्टी से इस्तीफा दिया था। कांग्रेस छोड़ कर वे भाजपा में शामिल हुवे थे। उस दौरान, मध्यप्रदेश में सिंधिया के समर्थक अनेक विधायकों ने दलबदल किया था। जिसके कारण, कमलनाथ की सरकार गिर गई थी। इस्तीफा देने से पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया गृहमंत्री अमित शाह से मिले थे और उसके बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। सिंधिया वर्तमान में मोदी सरकार में कैबिनेट में उड्डयन मंत्री हैं।

### जितिन प्रसाद

जितिन प्रसाद राहुल गांधी के अति निकटतम साथी थे। उसने जून 2021 में कांग्रेस छोड़ दी थी। उसके बाद, वह भाजपा से जुड़ गया। उस समय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस का शीर्ष ब्राह्मण चेहरा था। वर्तमान में वह योगी सरकार में मंत्री हैं।

### सुष्मिता देव

अगस्त 2021 में महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुष्मिता देव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बाद में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गई थी। सितम्बर 2021 में टी.एम.सी. ने उसे राज्यसभा में भेजा था। और 2023 तक वह सांसद रही। वर्तमान में वह तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता है। सुष्मिता देव को टी एम सी फिर से राज्यसभा में भेज रही है।

### आर.पी.एन.सिंह

पूर्व केन्द्रीस मंत्री आर.पी.एन.सिंह जनवरी 2022 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उसने उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव सिर पर थे। तभी पार्टी का साथ छोड़ दिया था। भाजपा ने हाल ही उसे राज्यसभा चुनाव के लिए यू.पी में अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

### अश्वीनी कुमार

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्वीनी कुमार ने पंजाब विधानसभा के चुनाव के कुछ दिन पहले फरवरी 2022 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। अश्वीनी कुमार यू.पी.ए. सरकार के दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री थे। व कई सालों तक कांग्रेस से जुड़े रहे, उसके बाद वहां से विदाई ली।

### सुनील जाखड़

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ मई 2022 में पार्टी छोड़ दी थी। जाखड़ ने तत्कालिन मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की आलोचना की थी। उसके बाद, पार्टी नेतृत्व से नोटिस मिलने के बाद यह कदम उठाया था। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गए थे। जुलाई 2023 में भाजपा ने उन्हे पार्टी का अध्यक्ष मनोनित किया था।

### हार्दिक पटेल

गुजराज के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने मई 2022 में कांग्रेस को अलविदा कर दिया। हार्दिक को 2019 में राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी में ले गए थे। वहां से इस्तीफा देनें के बाद वह भाजपा में शामिल हो गया।

### कपिल सिब्बल

कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल भी पार्टी छोड़ने वाले नेताओं में शामिल हैं। उन्होंने 2022 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। बाद में वे समाजवादी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता और राज्यसभा पहुंच गए।

### गुलाम नबी आजाद

कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने अगस्त 2022 में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बाद में जम्मू-कश्मीर में डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी की रचना की थी।

### अनिल एन्टनी

कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे और पूर्व में केन्द्रीय मंत्री ए.के.एन्टनी ने जनवरी 2023 में पार्टी छोड़ दी थी। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गए थे। वर्तमान में वे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव के साथ-साथ राष्ट्रीस प्रवक्ता भी हैं।

### मिलिंद देवड़ा

13 जनवरी 2024 में महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देकर शिवसेना में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के सी.एम.एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना का हाथ पकड़ा था। शिव सेना ने उन्हें राज्यसभा के लिए प्रत्याशी बनाया है।

### अशोक चौहान

12 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र कांग्रेस के दिग्गज अशोक चौहान ने पार्टी छोड़ दी। उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया था। दूसरे दिन वह महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया। अब वे राज्यसभा के प्रत्याशी हैं।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 72: धनुष यज्ञ को लेकर गुरु विश्वामित्र की दूरदर्शी सोच

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



संध्या वंदन का समय होने से पूर्व ही राम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र जी के पास लौट आए।वे रात्रि शयन के पूर्व गुरु के पैर दबाने लगे।

''आज तुम्हारे मिथिला भ्रमण का क्या अनुभव रहा कुमारों?'' गुरु ने पूछा।

''बहुत बढ़िया रहा गुरुदेव! यहां के नागरिक अत्यंत संस्कारवान, अतिथिसेवी, परिश्रमी और उदार हैं।'' लक्ष्मण जी ने बताया।

श्री राम ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, ''मुझे तो ऐसा लगा जैसे मैं फिर से अयोध्या में पहुंच गया हूं। वही अपनापन जो हमें अयोध्या के मार्गों, वहां की गलियों में अपने प्रजानन से मिलता है, वही अनुभव मुझे इस नगरी में भी हुआ है गुरुदेव!''

'सत्य है राम- लक्ष्मण! अवध और मिथिला ये दोनों जंबू द्वीप के दो श्रेष्ठ राज्य हैं। अगर इन दोनों राज्यों की शक्ति संयुक्त हो जाए, तो पूरे राष्ट्र में एक सुदृढ़ और धर्म अनुकूल व्यवस्था निर्मित हो जाएगी।' गुरु विश्वामित्र ऐसा कहते हुए दक्षिण के क्षेत्र से लंकापति रावण द्वारा भेजे जाने वाले असुरों की दंडक वन में सक्रिय उपस्थिति का स्मरण करते हुए चिंतित हो गए।

''क्या बात है गुरुदेव? आप किन विचारों में खो गए?'' श्री राम ने गुरु से पूछा।

''कुछ नहीं राम! मैं आने वाले कल के सुदृढ़ राष्ट्र की संकल्पना में खो गया था। मैं निकट भविष्य में कुछ बड़े सैन्य अभियानों की आशंका से चिंतित हूं। जब कोई शासक महत्वाकांक्षी हो जाता है और उसे अपनी भूमि और राज्य विस्तार से संतोष नहीं होता तो फिर वह पूरी मानवता के लिए खतरा बनने लगता है।'' गुरु विश्वामित्र ने समझाया।

''इसके नियंत्रण में हमारी अयोध्या कितना योगदान कर सकती है गुरुदेव?''श्री राम ने पूछा।

''मैं तो अयोध्या की सक्रिय भूमिका देख रहा हूं राम! पहले तो मैं तुम दोनों को केवल भगवान शिव के धनुष को राजा जनक के राजप्रासाद में ही दिखाकर तुम्हें वापस अयोध्या ले जाने की सोच रहा था, अब मुझे लगता है कि तुम दोनों को धनुष यज्ञ संपन्न होने तक मिथिला में ही रुकना चाहिए।अब तुम लोग विश्राम करो। कल हम धनुष यज्ञ में सम्मिलित होंगे।'' गुरु ने उत्तर दिया।

''तो धनुष यज्ञ में हमें भी जाना होगा?'' लक्ष्मण जी ने पूछा।

''अवश्य लक्ष्मण! जाओ अब विश्राम करो।''

श्री राम शय्या पर हैं। बार-बार रथारूढ़ जनकनंदिनी की छवि उनकी आंखों के सामने आ रही है। वे सोच रहे हैं। किसी देव मंदिर की आराध्या देवी की प्रतिमा के समान हैं सीता जी! जिनका स्मरण आते ही मन में गहरी श्रद्धा और हृदय में अपूर्व आनंद की अनुभूति होती है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -340 (भागवत साहू)



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 339 का हल

### सू- दोकू क्र. 340



## कविता

### क्या आयेगी अब नई तरंग

क्या आयेगी अब नई तरंग
नवीन प्रयोग भी होते रहेंगे
अपने अपने को खोते रहेंगे
लगने लगे जीवन ही बेढंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
जीना हुआ जब से मुहाल
बजने लगे है जब से गाल
हर रंग मे पड़ा है अब भंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
मुश्किल हो जाये जब सफर
अपनों की नहीं कोई खबर
बजता ही नहीं जीवन मृदंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
खत्म हो चुके जब अरमान
जारी हो जाये नये फरमान
बदल गये जब जीने का ढंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
बिखरे हुये जब सारे राग
अब कंही तो जगे अनुराग
कंही रंग ना हो जाये भंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
फिर भी सपने सजाते रहेंगे
उम्मीद को गले लगाते रहेंगे
बदल जायेगी फिजा के रंग
क्या आयेगी अब नई तरंग



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छ.ग.

## मोबाइल की लत बच्चों को बना रही मानसिक और शारीरिक रूप से बीमार



घंटों तक मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कम उम्र में एक्सेस स्क्रीन टाइम से बच्चे कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। चलिए बताते हैं कि मोबाइल से बच्चों के दिमाग और शरीर पर क्या असर पड़ता है साथ ही उनकी इस गन्दी आदत को कैसे छुड़ाएं?

आज के समय में मोबाइल में फोन रोटी, कपड़ा और मकान जितना जरुरी हो गया है। कई लोगों का कामकाज ही मोबाइल फोन पर चलता है। इस दौर में सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी मोबाइल की लत का शिकार हो रहे हैं। घंटों तक मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कम उम्र में एक्सेस स्क्रीन टाइम से बच्चे कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। चलिए आपको बताते हैं कि मोबाइल के लत से बच्चों के दिमाग और शरीर पर क्या बुरा असर पड़ता है साथ ही उनकी इस गन्दी आदत को कैसे छुड़ाएं?

### स्क्रीन टाइम बढ़ने से घेर लेती हैं ये बीमारियां

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, बचपन में ही मोबाइल की लत लगने से बच्चे कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। स्क्रीन टाइम बढ़ने से फिजिकल एक्टिविटी कम होती हैं, ओवरईटिंग की आदत बनती है और फिर ये मोटापा देती है। ज्यादा देर तक मोबाइल देखने से बच्चों की आँखें आंख कमजोर होने लगती है, जिस वजह से उनके आँखों से पानी आना, जलन होना लगता है और कम उम्र में ही चश्मा लग जाता है। ज्यादा देर मोबाइल चलाने से बच्चों को सर्वाइकल पेन की समस्या भी हो सकती है। मोबाइल की लत से बच्चों को सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है।

### क्या कहती है WHO की रिपोर्ट?

पांच साल तक के 99प्रतिशत बच्चों को मोबाइल और गैजेट का एडिक्शन है और देश में 66प्रतिशत पेरेंट्स को ये पता ही नहीं है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम उनके बच्चे के लिए खतरनाक है। हाल ही में हुई एक स्टडी के मुताबिक 65त्न फैमिली खाना खिलाते समय बच्चे को टीवी-मोबाइल दिखाते हैं। 12 महीने का बच्चा भी हर दिन 53 मिनट स्क्रीन देखने में बिताता है और 3 साल की उम्र आते-आते स्क्रीन टाइम बढ़कर डेढ़ घंटा हो जाता है।

## राशिफल

**मेष** — आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी करते हैं, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है। कार्यों में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। साथ ही लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावटें आज दूर हो सकती हैं। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुई है।

**वृषभ** — वृष राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नए बिजनेस को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते। कोई भी छोटा चांस आपको मालामाल बना सकता है।

**मिथुन** — मिथुन राशि-आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें, इससे आपकी सफलता के चांस बढ़ेंगे। जिन लोगों की नई-नई शादी हुई है, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है।

**कर्क** — कर्क राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारीयां पूरी कर लेंगे। आज शिक्षकों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। लेकिन जो छात्र विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना चाहते हैं, उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

**सिंह** — सिंह राशि-आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। जिन लोगों का लोहे का बिजनेस है, उनके काम में सामान्य रूप से गति बनी रहेगी। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरुरत है।

**कन्या** — कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज आप कोई ऐसी चीज हासिल करेंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आएंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा।

**तुला** — तुला राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पर तुरंत भरोसा ना करें, ये आपके लिए थोड़ा परेशानी भरा हो सकता है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। जो महिलाए उद्योग शुरु करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। बस आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकता है। आपको उनसे अच्छा व्यवहार बनाकर रखना चाहिए। जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वो लोग आज शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा सकते हैं।

**धनु** — धनु राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यो में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत बनेगी। आज का दिन उत्तम रहेगा।

**मकर** — मकर राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपको कुछ काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपके दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकते हैं। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से थोड़ा बेहतर रहेगा। जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुंभ राशि-आज आपका दिन पहले से ज्यादा लाभ दिलाएगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जाएगी। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिए लाभकारी होगा। वाहन का प्रयोग करते समय आपको जरूरी कागजात अपने साथ रखने चाहिए, आपको जरुरत पड़ सकती है।

**मीन** — मीन राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके सब कुछ हासिल कर सकते हैं, आज हर कोई आपकी प्रशंसा करेगा। लेकिन ध्यान रहे किसी पर भी अनावश्यक शक ना करें, इससे आपके रिश्तों पर असर पड़ सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाने का प्लॉन बना सकते हैं।

# आंबेडकर अनुयायियों ने किया भारतरत्न डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश का आत्मीय अभिनंदन

## भव्य मोटर साइकिल रैली के साथ ग्राम ढारा में अगवानी की गई अस्थि कलश की

डोंगरगढ़(दावा)। भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश का स्वागत अभिनंदन करने क्षेत्र में निवासरत बौद्ध अनुयायियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अस्थि कलश का खैरागढ़ से ग्राम ढारा पहुंचने पर युवाओं ने विशाल मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से अगवानी की। जहां-जहां अस्थि कलश को ले जाया गया पूरे समय फूलों की बारिश होती रही।

शहर के कालकापारा स्थित बुद्ध विहार के नवीन विशाल हाल में अस्थि कलश को दर्शन लाभ के लिए रखा गया। स्वागत सत्कार ऐसा मानो हाल ही में डॉ. आंबेडकर बुद्धवासी हुए हो। अस्थि कलश के स्वागत अभिनंदन का सफल कार्यक्रम आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के नेतृत्व में किया गया। डोंगरगढ़ शहर स्थित विभिन्न वार्डो की बौद्ध समितियां के आंबेडकर अनुयायियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने तन मन धन से अपना



योगदान दिया। नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम द्वारा धम्म भोजनदान की व्यवस्था सामाजिक गणों के लिए की गई थी।

### अस्थि कलश को पहली मर्तबा छत्तीसगढ़ लाया गया

पिछड़ों दलितों के लिए आजीवन कार्य करने वाले डॉ. आंबेडकर का अस्थि कलश मुंबई के चैत्यभूमि, नागपुर के दीक्षा भूमि, पुणे के धम्मचक्र प्रवर्तन महाविहार दापोडी व इंदौर के महू में रखा गया है। जिसे मानव समाज को जागृत करने के लिए शिरान बौद्ध महासंघ के प्रयासों से छतीसगढ़ लाया गया। अस्थि कलश का स्वागत ग्राम ढारा के बाद डोंगरगढ़ मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न ग्रामों व शहर में स्थित विभिन्न चौक चौराहों पर बड़ी संख्या में उपस्थित उपासक-उपासिकाओं द्वारा किया गया। अस्थि कलश को कर्बला चौक, केदार बाड़ी, भगतसिंह चौक, थाना चौक, गोल बाजार, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार से महावीर पारा, संजय नगर, राजीव नगर सहित नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बुद्ध विहार लाया गया।

### अस्थि कलश का दर्शन लाभ लेने बड़ी संख्या में जुटे अनुयाई

बाबा साहब अम्बेडकर के अस्थि कलश का दर्शन करने, शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में आंबेडकर अनुयाई अस्थि कलश यात्रा के दौरान जुटे। अनुयायियों द्वारा जगह-जगह बाबा साहब के जयघोष के नारे लगाते रहे। हाथों में मोमबत्ती पकड़े बौद अनुयायियों द्वारा फूलों से स्वागत किया जा रहा था। अस्थि कलश को बुद्धविहार में पूरे विधि विधान से दर्शन के लिए रखा गया। इसके बाद धर्मगुरुओं द्वारा सामुहिक वंदना की गई। कार्यक्रम में अस्थि कलश के साथ आई पूरी टीम का आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के ट्रस्ट्रियों द्वारा स्वागत किया गया।

अस्थि कलश 18 फरवरी को दोपहर में बुद्ध विहार से राजनांदगाव के लिए रवाना किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, धम्म गुरुमंते नागरल, भते कुमार कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम पूर्व अध्यक्ष धीरज मेश्राम, पार्षद दीपक साखरे, अनिता लोकेश इंदुलकर, पार्षद राजेश गजभिये, पार्षद अलका जयेश सहारे, पार्षद काजल डोंगरे, अनिल मेश्राम, अनिल सहारे, राजकुमार नंदेश्वर, महेश सहारे, धन्मकृत नंदेश्वर, दीपक उइके, विलास सहारे, पुरुषीतम टेभुरकर, विनायक मेश्राम, बादल वालदे गरीबदास गडपायले, अमन जनबंधु नलिनी मेश्राम, वंदना बडोले व अन्य मौजूद रहे।

# डोंगरगांव पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री थमने का नाम नहीं ले रही है और लगातार आरोपी पकड़ में आ रहे हैं, उच्चाधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में जुआ, शराब चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में डोंगरगांव पुलिस ने 20 फरवरी को मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम अर्जुनी के सिंगारपुर चौक के पास, रेड कार्यवाही करते हुए एक प्लास्टिक बोरी में रखे शराब की बोतलों को एक व्यक्ति के पास से पकड़ा है, जिसमें आरोपी केवलदास लहरे पिता टोमनलाल लहरे, जाति सतनामी, 24 वर्ष निवासी वार्ड 8 पिनकापार थाना-देवरी, जिला-बालोद के कब्जे से सीलबंद 54 नग पौव्वा देशी प्लेन शराब बगैर किसी दस्तावेज पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम किया है, शराब रेड कार्यवाही में सउनि ईश्वर प्रसाद यादव, आरक्षक सत्येन्द्र डहरे, आरक्षक योगेश साहू की विशेष भूमिका रही है।

# पहला कॉलम...

## बीआरसी प्रभारी का दायित्व दिया गया ईनायत अली को

### स्कूलों में कुशल प्रबंधन की दिशा में कार्य किया जाएगा - बीआरसी प्रभारी

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के वरिष्ठ शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शाला शिवपुरी के प्रधान अध्यापक ईनायत अली को डोंगरगढ़ विकासखंड स्थित बीआरसी कार्यालय के प्रभारी का दायित्व मिला है। इस संबंध में जिला कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक राजीव गांधी शिक्षा मिशन राजनांदगांव कार्यालय द्वारा दिनांक 15 फरवरी को आदेश जारी किया गया।



नवनियुक्त बीआरसी प्रभारी श्री अली को विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द समग्र शिक्षा विकासखण्ड डोंगरगढ़ का भी दायित्व निभाने का आदेश जारी किया गया है। उक्त नियुक्ति पर विभाग के समस्त समन्वयक, संकुल प्रभारी, प्राचार्य, प्रधान पाठक सहित शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। श्री अली को नए दायित्व मिलने से विकासखंड में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के कार्यो में तेजी आने की संभावना बताई जा रही है। श्री अली ने कहा है कि प्राथमिकता के साथ स्कूलों के कुशल प्रबंधन की दिशा में सबके सहयोग से कार्य किया जाएगा।

## आज बांधाबाजार में मंड़ई मेला

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार में मंडई मेला का कार्यक्रम आज 21 फरवरी बुधवार को रखा गया है, जिसमें अंचल के व्यवसायियों, दुकानदार, खिलौना, झुला, मिठाई आदि दुकानदारों को आमंत्रित किया जाता है और यह मंडली अंचल के लिए बहुत ही खास एवं महत्व रखता है यह क्षेत्र का जाने-माने प्रसिद्ध बाजार बांधाबाजार में होता है। इसलिए लोग मंड़ई के प्रति बहुत उत्साहित रहते हैं। क्योंकि यहां दो दिनों तक मंड़ई, मेला भरता है और 22 फरवरी को रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु मां मंशा देवी मंदिर प्रांगण में छाया चंद्राकर का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त जानकारी श्रीमती प्रीति मंडावी चौहान सरपंच एवं फूल कुमार मंडावी सचिव ने दी।

## महतारी वंदन योजना की फार्म भरने की तिथि समाप्त



हरदी (दावा)। ग्राम पिनकापार में महतारी वंदन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सरकार किसी प्रकार की लापरवाही बरतना नहीं चाहती। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी जिले के कलेक्टर को निर्देश दिया गया कि कोई भी पात्र महिला महतारी वंदन योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। ग्राम पंचायत पिनकापार में सचिव के देखरेख में महतारी वंदन योजना का फार्म भराया जा रहा है। महिला आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता रेखा सोनी, राधा लहरे, ज्योति निषाद, रेवती चौरे अपना डयुटी बखुबी निभाए। सचिव बलदाऊ देवांगन ने महिलाओं को ज्यादा देर तक बारी का इंतजार न करना न पड़े इस उद्देश्य से रोजगार सहायिका सीमा राजपूत, महिला बिहान समूह के प्रमुख ज्योति यादव, अंजलि रजक ने महिलाओं का सहयोग किया एवं व्यवस्था में कोई कमी होने नही दिया। सरपंच सोमिन भुआर्य ने भी महिला को महतारी वंदन योजना का फार्म भरवाने डटा रहा। पिनकापार में 20 फरवरी तक कुल 574 महिला महतारी वंदन योजना का फार्म भरा।

## गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सनौद में गन्ना फसल के उत्पादन बढ़ाने के लिए गन्ना कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

बालोद । कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के करकाभाट स्थित शक्कर कारखाना में गन्ने की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं जिले के गन्ना कृषकों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराने हेतु कृषि विभाग द्वारा निरंतर उपाय सुनिश्चित किए जा रह हैं। इसके अंतर्गत जिले में गन्ने का क्षेत्राच्छाद तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कृषि विभाग एवं सर्वोदय कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड तथा शक्कर कारखाना करकाभाट बालोद के द्वारा रविवार 18 फरवरी को विकासखण्ड गुरूर के ग्राम सनौद के बाजार चैक में गन्ना प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

# भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति का हुआ गठन



घुमका (दावा)। आज घुमका के पेंशनर भवन में पूर्व विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष भुनेश्वर शोभाराम बघेल की अध्यक्षता में घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति का गठन किया गया। बैठक में ब्लॉक भर के युवा व वरिष्ठगण शामिल हुए।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष के रूप में रमाकांत साहू जोरातराई को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे घुमका सर्वसम्मति से चुने गए। उपाध्यक्ष क्रमशः राजेश शान हरडुवा, नेमदास साहू खैरा, महेश कुर्रे मानपुर, देवेंद्र पाल सहसपुर दल्ली, सचिव मंथिर साहू जुरलाखुर्द, कोषाध्यक्ष दिनेश पुराणिक टुरीपार, सहसचिव क्रमशः विवेक बारले बिरेझर, ईश्वर साहू बाटगाव, बिरसिंग हरडुवा, चुन्नीलाल साहू तिलई, अमित राजपूत मालाडबरी नियुक्त हुए। समिति के संरक्षक पूर्व विधायक शोभाराम बघेल बिरेझर, रतन यादव सलौनी, चन्द्रेश वर्मा घुमका, राजेन्द्र यदु बघेरा, ललित चांदत्तारे परसबोड, जयकुमार वर्मा घुमका, ओमप्रकाश साहू टेमरी, गीतालाल वर्मा कलकसा, कमल नारायण मोहन्दी, ओमप्रकाश साहू पदुमतरा, सौरभ वैष्णव बासूला, अखिलेश दुबे मुढ़ीपार, गिरिश साहू बघेरा नियुक्त किए गए। सदस्य के रूप में टुमलाल वर्मा, राकेश वर्मा, कमल बंजारे, उभे वर्मा, शीतल निषाद, हेमन्त वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यकारिणी के गठन पश्चात समिति के संरक्षक पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने सभी पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि जनता की समस्याओं को हल करने का प्रयास घुमका संघर्ष समिति का लक्ष्य होगा।

# 10 बिस्तर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोलापुर में पद सेटअप को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिले अजय व संजय



छुरिया (दावा)। 10 बिस्तर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोलापुर में पद सृजन सेटअप की मांग को लेकर श्यामबिहारी जायसवाल मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। इस अवसर मधुसूदन यादव भी मंत्री के साथ उपस्थित रहे। राजनांदगांव जिले के अंतर्गत भोलापुर विकासखंड छुरिया में छ ग शासन के आदेश क्रमांक एफ 12/8/2021/17, दो दिनांक 8/07/2021 के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के स्वीकृति पर भवन निर्माण हो चुका है। किंतु सेटअप के अभाव में अस्पताल का उद्घाटन नहीं हो पा रहा है। इस समस्या से अवगत कराने अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा, सोहन साहू अध्यक्ष भाजयुमो उपस्थित रहे।

# महिला सेल खैरागढ़ के सार्थक प्रयासों से माया खरे का गृहस्थ जीवन टूटने से बचा




खैरागढ़ (दावा)। बीते दिनों पीएम आवास ओमदा चरोदा भिलाई जिला दुर्ग की रहने वाली माया खरे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था कि इनके पति राहुल खरे द्वारा घरेलू पारिवारिक बातों को लेकर आए दिन झगड़ा विवाद करता है जिससे परेशान होकर आवेदिका विगत 3 माह से अपने मायके में रह रही थी, दोनों का विवाह सामाजिक रिती रिवाज अनुसार हुआ था। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई, नेहा पाण्डेय अति0 पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मामला नवविवाहिता एवं पति पत्नी के मध्य होने से महिला सेल प्रभारी प्रतिभा लहरे प्रशिक्षु उपपुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन के दोनों पक्षों का काउंसलिंग कर उनकी समस्या का निराकरण करने निर्देश प्राप्त हुआ था जिसके परिपालन में दोनों पक्षों का काउंसलिंग आयोजित किया गया, पति पत्नी को समझाईश दिया गया बाद दोनों पक्षों द्वारा एक साथ जीवन व्यतीत करने की मंशा जाहिर किए इस प्रकार माया खरे और उसका पति राहुल खरे की वैवाहिक जीवन तबाह होने से बच गई।

- माया खरे अपने पति से वाद विवाद मन मुटाव होने से 3 माह पूर्व से अपने मायके में रही थी
- पति पत्नी की पुनर्मिलन महिला सेल टीम द्वारा कराया गया

पति पत्नी ने अपने पुनर्मिलन कराने पर छत्तीसगढ़ पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित करते समाज में अपनी छाप छोड़ने की दावा किया।

उपरोक्त काउंसलिंग आयोजन कार्यवाही में महिला सेल प्रभारी प्रतिभा लहरे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, महिला सेल की पुरी टीम, काउंसलर रानी राज लक्ष्मी तिवारी की सराहनीय योगदान रही।

# संकुल साल्हेटोला अंतर्गत स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता कल्लूटोला में संपन्न




छुरिया (दावा)। विगत दिनों 16 फरवरी को संकुल स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता शासकीय प्राथमिक शाला कल्लूटोला में संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया। कहानी, अपठित गद्यांश को समझ एवं प्रवाह के साथ पठन करने के उद्देश्य को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन शाला, संकुल, ब्लाक, एवं जिला स्तर पर कराया जाना है। इसी क्रम में संकुल साल्हेटोला अंतर्गत संकुल स्तरीय रीडिंग प्रतियोगिता शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित किया गया। जहां संकुल आश्रित 05 प्राथमिक एवं 02 माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा कहानी की पुस्तकें, अपठित गद्यांश, का समझ एवं प्रवाह के साथ वाचन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला साल्हेटोला के छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित की। प्रतियोगिता में प्रथम आने-वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एम.आर. पंचारे एवं संकुल समन्वयक सुरेश साहू ने कहा कि बच्चों में समझ एवं प्रवाह के साथ पठन गतिविधि में बच्चों को पारंगत करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है, ताकि बच्चों में पढ़ने की गति में वृद्धि हो और वह समझ के साथ ही अच्छी पठन गति के साथ हिन्दी, अंग्रेजी, पढ़ना सीख सकें। इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण, यु.पी.दुबे, तुकाराम चंद्रवंशी, नारायण प्रसाद दिनकर, एच.के.कुम्भकार, अविनाश कुमार मानिकपुरी, सहित शाला के प्रतिभागी बच्चे, उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना की तिथि बढ़ाने की मांग



घुमका (दावा)। आज दोपहर घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति द्वारा शासन की महतारी वंदन योजना के आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए अध्यक्ष रमाकांत साहू व कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे के नेतृत्व में घुमका तहसीलदार सोनित मेरिया को ज्ञापन सौपा गया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमाकांत साहू व कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि महतारी वन्दन योजना आवेदन की तिथि आज तक की निर्धारित की गई है जो कि पर्याप्त नही है व सर्वर डाउन की वजह से बहुत से आवेदन ऑनलाइन नही हो पाया है पंचायतों में आवेदन जमा है अतः कई माताएं बहने इसका लाभ लेने से वंचित हो जाएंगी अतः इसकी अंतिम तिथि बढ़ाई जाए।

ज्ञापन के दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, रतन यादव, चन्द्रेश वर्मा, सौरभ वैष्णव, दिनेश पुराणिक, गीतालाल वर्मा, ललित चन्दतारे, मन्थिर साहू, राजेन्द्र यदु, राजेश शान, विवेक बारले, चुन्नी लाल साहू, ओमप्रकाश साहू टुमलाल वर्मा, अमित राजपूत, कमल नारायण, गिरीश साहू, कमल बंजारे शीतल निषाद, हेमन्त वर्मा सहित घुमका संघर्ष समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# राम की कथा सकल सकल सुमंगलों को प्रदान करती है- संत राम ज्ञानी दास जी



खुज्जी (दावा)। जो रोम रोम में रम रहा वही तो राम हैं, शरीर मरता है फिर भी जो कभी नही मरता वही आत्मा ही तो राम हैं। उक्त बातें दर्री नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आयोजित रामकथा के व्यास पीठ से कथा वाचक तिरखेड़ी आश्रम से पधारे संत राम ज्ञानी दास महात्यागी ने कही। उन्होंने कथा प्रवाह में बताया कि, सुख, दुख, बचपन, जवानी बुढापा तो आता जाता है लेकिन इन सबको जानने वाला जो आत्मा जो कभी नही बदलता, वही राम हैं और वह कहीं दूर नही, दुर्लभ नही परे नहीं, पराया नही वह सबके अंतरात्मा में बैठा है बस उसे अपना मान लो। सन्त श्री ने बताया कि धर्म और सत्संग के शरणागत होकर सत्कर्म करने में ही जीवन की सफलता है, राम की कथा सारे सुमंगलों को प्रदान करती है, उन्होंने राम वनवास, केवट प्रसंग की कथा से श्रावक श्राविकाओं को भक्ति भाव से विभोर कर दिया। वही पंडित प्रियांशु गौतम, पंडित मोनू द्विवेदी के मंत्रोच्चार से कथा मंच में विधिवत पूजन सम्पन्न कराए जा रहे है, वहीं कथा मंच को खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय के छात्र, दुर्गेश वैष्णव, शुभम वैष्णव, शुभम होता आदि के संगीतमयी भजनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भक्ति विभोर कर रहे हैं, आयोजन के मीडिया प्रभारी विमल जैन द्वारा कथा मंच में सफल संचालन किया जा रहा है।

# गौरव सम्मान से विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा को किया अधिवक्ता संघ ने सम्मानित

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ व्यवहार न्यायालय मे विधायक यशोदा नीलाबर वर्मा द्वारा स्वेच्छानुदान राशि खैरागढ़ अधिवक्ता व छुईखदान अधिवक्ता संघ के लिए 2-2 लाख रूपये दिया गया था। संघ के अध्यक्ष सुरेश भट्ट के द्वारा अथक प्रयास किया गया था। उक्त कार्यक्रम मे व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता कक्ष मे बटन दबाकर एसी का उद्घाटन किया गया। अधिवक्ता संघ के द्वारा विधायक यशोदा वर्मा का स्वागत किया गया। उसके बाद पूजा अर्चना कर दिवंगत अधिवक्ताओं को नमन किया। महिला गौरव सम्मान से विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा को किया अधिवक्ता संघ ने सम्मानित। विधायक यशोदा वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की मै खुद अधिवक्ता परिवार से हुं, मेरे पति खुद अधिवक्ता संघ के सदस्य है, यहां बैठे सभी मेरा परिवार है। उन्होंने महिला सम्मान से सम्मानित होकर कहा की आने वाले भविष्य मे हर संभव मदद करूंगी। इस मुकाम तक पहुंचने तक अधिवक्ता संघ का भरपूर सहयोग मिला है। आगे भी हमेशा ऐसा ही प्यार मिलता रहे ऐसा उम्मीद करूंगी।



### जहां नारी का सम्मान होता, वहां देवता निवास करता है-एडीजे चंद्रकुमार कश्यप

कार्यक्रम में एडीजे कश्यप ने एक श्लोक उच्चारित करते हुए कहा कि वैदिक संस्कृति के अनुसार नारी का हमेशा से ही सम्मान हुआ है तथा शास्त्रों में लिखा है कि जहां नारी का सम्मान होता है वहीं देवता निवास करते हैं। व्यवहार न्यायधीश न्यायिक दंडाधिकारी गुरु प्रसाद देवांगन ने कहा की भारत पुरुष प्रधान देश होने से यहां महिला सशक्तिकरण अत्यावश्यक है और महिला सशक्तिकरण पुरुषों के बल पर ही सम्भव है। जैसे एक पिता अपनी बेटी को अच्छी शिक्षा दें, एक पति अपनी पत्नी को आगे बढ़ने में पूरा सहयोग करें। एक विवाहित महिला को सास-ससुर आगे बढ़ने में पूरा सहयोग करें। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकान्त पांडे, मोती जंघेल, तीरथ चंदेल, सुरेश ठाकुर, नीलाम्बर वर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मिहिर झा व आभार व्यक्त अध्यक्ष सुरेश भट्ट ने किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के सुनील पांडे, मनराखन देवांगन, चन्दशेखर यादव, रामकुमार जांघड़े, दीपेश ठाकुर, भुनेश्वर वर्मा, नीरज झा, शंकर यादव, विक्रम यदु, राजेश जघेल, रोशन वर्मा, विशाल वर्मा, महेश साहू, साबरा बानो, सत्यकला वर्मा, संदीप दास, सक्ति सिंह, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पहला कॉलम...

### रूसी पायलट का शव मिला स्पेन में

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से जंग जारी है। इस युद्ध में जहां यूक्रेन तबाह हो गया है। वहीं रूस को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। मॉस्को अभी तक इस युद्ध में अपने बड़ी संख्या में पायलट और लड़ाकू विमान गवां चुका है। इस बीच, रूस के लिए एक बुरी खबर आ रही है। यहां का एक पायलट पिछले साल यूक्रेन गया था, जो हाल ही में स्पेन में एक गैरेज में मरा हुआ मिला। उसका पूरा शरीर गोलियों से छलनी है।

स्पेन की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि स्पेन में एलिकांटे के पास विलाजोयोसा शहर में 13 फरवरी को एक शव मिला, जिसकी पहचान पायलट मैक्सिम कुज्मिनोव के रूप में हुई। उसके पास से यूक्रेन का पासपोर्ट मिला है। हालांकि, वह यहां अलग नाम से रह रहा था। बताया जा रहा कि पिछले साल अगस्त में कुज्मिनोव अपने एमआई-8 हेलीकॉप्टर से यूक्रेन गया था।

यूक्रेन के गुर सैन्य खुफिया के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि पायलट कुज्मिनोव की स्पेन में मौत हो गई है। हालांकि मौत का कारण साफ नहीं किया है। यहां के एक अखबार ने खबर दी है कि उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है। स्पेन की पुलिस ने पुष्टि की है कि शहर में एक व्यक्ति का शव मिला है, जिसे गोली मारी गई है। हालांकि, उन्होंने शख्स की पहचान उजागर नहीं की है। स्पेन के गार्डिया सिविल पुलिस बल के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित एक नकली पहचान से यहां रह रहा था।

### आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक को दी बड़ी राहत

मुंबई । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक को बड़ी राहत दी है। आरबीआई ने डिपॉजिट और क्रेडिट लेनदेन के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समयसीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है। आईबीआई ने इसे लेकर एक सर्कुलर भी जारी किया है। बता दें कि इससे पहले आरबीआई ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि कोई अन्य बैंकिंग सेवाएं, जैसे फंड ट्रांसफर , बीबीपीओयू और यूपीआई सर्विस 29 फरवरी के बाद बैंक द्वारा प्रदान नहीं की जानी चाहिए। पेटीएम अपनी यूपीआई सर्विस पेटीएम पेमेंट बैंक के जरिए ही देता है। इसलिए दूसरे बैंकों के साथ टाई-अप नहीं होने की स्थिति में 15 फरवरी के बाद [illegible] सर्विस भी बंद हो जाएगी। पेटीएम ने बताया है कि उसकी [illegible] और [illegible] दोनों के साथ इसे लेकर चर्चा चल रही है। बता दें, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सर्विसेज को बैन करने का फैसला कंपनी के ऑडिट रिपोर्ट में कमी पाए जाने के आधार पर लिया है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि कंपनी द्वारा पेश की जा रही जानकारी में अनियमितता पाई गई है। बैंक ने अपने आदेश में यह स्पष्ट नहीं कहा है कि यह बैन कब तक जारी रहने वाला है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के यूजर एक महीने के बाद सर्विस का फायदा नहीं उठा सकेंगे।

### 'कोहली' ने किया संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में मैच जरूर हारा लेकिन सभी का दिल जीता था। इससे पहले पांच बार टीम इंडिया अंडर 19 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर चुकी थी। उसमें से एक खास जीत थी 2008 अंडर 19 वर्ल्ड कप की जिसे टीम इंडिया ने विराट कोहली की कप्तानी में अपने नाम किया था। उस वर्ल्ड कप में एक कोहली कप्तान थे तो टीम के अंदर दूसरे कोहली भी मौजूद थे। उनका नाम था तरुवर कोहली जो टीम के लिए ओपनिंग करते थे। अब तरुवर कोहली ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। तरुवर कोहली फर्स्ट क्लास क्रिकेट के शानदार खिलाड़ी रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें टीम इंडिया के लिए डेब्यू का मौका नहीं मिल पाया था। उनके नाम तीहरा शतक भी दर्ज है। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 307 रन है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका औसत 53 का रहा और उन्होंने 14 शतक भी लगाए हैं।

### क्रिकेटर शिवम दुबे हुए चोटिल

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के लिए सभी टीमों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के शेड्यूल का ऐलान नहीं किया है। लेकिन मार्च के आखिरी हिस्से में इस लीग की शुरुआत होने की उम्मीद है। इस लीग से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। टीम का एक स्टार खिलाड़ी चोटिल होने के चलते एक बड़े टूर्नामेंट से बाहर हो सकता है। भारतीय घरेलू क्रिकेट में इस समय रणजी ट्रॉफी खेली जा रही है। ये भारतीय क्रिकेट का सबसे बड़ा घरेलू टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट के बीच टीम इंडिया और मुंबई के स्टार ऑलराउंडर शिवम दुबे चोटिल हो गए हैं।

## पैरिस ओलंपिक में अनुश अग्रवाल ने घुड़सवारी में भारत को दिलाया पहला कोटा

नई दिल्ली। अनुश अग्रवाल ने भारत के लिए पेरस ओलंपिक 2024 में घुड़सवारी की ड्रेसेज स्पर्धा में कोटा हासिल किया। भारत का पहला ड्रेसेज ओलंपिक कोटा है। बता दें कि अनुश ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने चार स्नश्वद्ध इवेंट्स में अपने प्रदर्शन के आधार पर यह खास उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने पोलैंड में 73.485त्न, नीदरलैंड में 74.4त्न, जर्मनी में 72.9त्न, बेल्जियम में 74.2त्नमें




शानदार परफॉर्मेंस कर यह कोटा जीता।

दरअसल, भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने सोमवार को इसकी घोषणा की। ढ्ढश्वस्न ने बताया कि एशियन गेम्स के मेडलिस्ट अनुष अगरवल्ला ने घुड़सवारी की ड्रेसेज इवेंट में भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। बता दें कि अनुष ने पिछले साल चीन के हांगझोउ में हुए एशियन गेम्स में ड्रेसाज में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। अनुश अग्रवाल एक 24 साल के भारतीय घुड़सवार हैं, जिन्होंने 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया।

उनका जन्म 1999 में दिल्ली में हुआ था, जिन्होंने 8 साल की उम्र में घुड़सवारी शुरू की थी और तब से वे इस खेल में शामिल हैं। उन्होंने भारत और दुनिया भर में कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। अनुश एक प्रतिभाशाली घुड़सवार हैं और उन्होंने अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। वे भारत के लिए एक प्रेरणा हैं और वे देश में घुड़सवारी खेल को बढ़ावा देने में मदद कर रही हैं।

### क्रिकेटर आकाश दीप को टीम इंडिया में मिलेगी एंट्री

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच में बिहार के लाल को टीम इंडिया के लिए टेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। जी हां हम बात कर रहे हैं बिहार के क्रिकेटर आकाश दीप की। दरअसल इन दिनों भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। वहीं इस सीरीज के दो मैच पूरे हो जाने के बाद बाकी बचे तीन मैचों के लिए आकाश दीप को भी टीम इंडिया में चुना गया था।



फैंस को उम्मीद थी कि आकाश दीप को तीसरे टेस्ट मैच में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है लेकिन ऐसा हो न सका। जिसके बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच में आकाश दीप टीम इंडिया के लिए अपना इंटरनेशनल टेस्ट डेब्य कर सकते हैं। जसप्रीत बुमराह के बाहर होने से मिल सकता है चांस टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में अभी तक शानदार गेंदबाजी की है। सीरीज के तीन मैचों में अभी तक बुमराह 17 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। हालांकि अब रिपोर्ट्स सामने आ रही है कि रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है।

## 23 से वुमेंस प्रीमियर लीग का आगाज

नई दिल्ली। वुमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन की शुरुआत 23 फरवरी से बेंगलुरु में होने जा रही है। वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 में पांच टीमों के बीच कुल 22 मैच खेले जाएंगे। लीग के मैच दो लेग में खेले जाएंगे। पहला लेग बेंगलुरु और दूसरा लेग दिल्ली में होगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स महिला टीमों के बीच खेला जाएगा। वहीं इस बार मुकाबलों का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जाएगा। इस लीग का पहला सीजन मुंबई की टीम ने अपने नाम किया था।

डब्लयूपीएल के मुकाबले अरुण जेटली स्टेडियम और चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें 23 फरवरी से 4




मार्च तक बेंगलुरु के मुकाबले होंगे। इसके बाद दिल्ली इस लीग की मेजबानी करेगा। वुमेंस प्रीमियर लीग के सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर शुरू होंगे। इन मैचों का सीधा प्रसारण स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर होगा। वहीं, इन मैचों में लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर फ्री में दिखाई जाएगी।

विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत साल 2023 में हुई थी। आईपीएल के तर्ज पर शुरू हुई ये लीग दुनिया की पहली लीग है जिसमें महिला खिलाड़ियों का ऑक्शन हुआ था। विमेंस प्रीमियर लीग की सबसे बड़ी खासियत यह रही थी कि इस लीग के पहले ही सीजन में दुनियाभर की कई बड़ी खिलाड़ी शामिल हुईं। मुंबई इंडियंस की टीम महिला आईपीएल के पहले सीजन का खिताब जीतने में कामयाब रही थी।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में फिर हुआ बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत इस समय काफी खराब चल रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में टॉप 4 से भी बाहर होने के बाद पाक टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले थे। पहले बाबर आजम से कप्तानी छीन ली गई फिर उसके बाद कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा फेरबदल देखने को मिला था। अब एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट में बदलाव देखने को मिला है। दरअसल पीसीबी अब सीधा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के अधीन कर दी गई है। इसके बाद पीसीबी सारी रिपोर्ट्स को प्रधानमंत्री को सौंपेगा।

### भारत का दोस्त जापान 9 प्रोजेक्ट के लिए देगा 12,800 करोड़ का लोन

नई दिल्ली। भारत का दोस्त जापान भारत के विकास में हमेशा से योगदान देता रहा है। एक बार फिर जापान भारत में नौ प्रोजेक्ट्स के लिए 232.20 अरब येन (लगभग 12,800 करोड़ रुपये) का कर्ज देने की प्रतिबद्धता जतायी है। भाषा की खबर के मुताबिक, वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। जापान सरकार की तरफ से मिलने वाले कर्ज से भारत में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं को मदद मिलेगी।

खबर के मुताबिक, इन परियोजनाओं में पूर्वोत्तर में सड़क नेटवर्क संपर्क, तेलंगाना में स्टार्ट-अप और इनोवेशन (नवोन्मेष) को बढ़ावा देने के लिए परियोजना, चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड के निर्माण, हरियाणा में पर्यावरण अनुकूल बागवानी को बढ़ावा देने और राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और इकोसिस्टम सेवाओं को बेहतर बनाने से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि सड़क नेटवर्क संपर्क परियोजनाओं का लक्ष्य देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार करना है, जबकि चेन्नई में पेरिफेरल रिंग रोड परियोजना का उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना है।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते पर आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव विकास शील और भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी ने हस्ताक्षर किए।

## चीन में रेतीले तूफान ने मचाया कहर, कई जगहों पर उठा रेत का बवंडर, कम हुई विजिबिलिटी

नई दिल्ली। चीन पर प्रकृतिक आपदा की मार पड़ रही है। यहां पर रेतीले तूफान ने कहर मचाया है। चीन के शिनजियांग प्रांत में लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। यहां कई इलाकों में तूफानी हवाओं ने ऐसा कहर बरपाया कि सबकुछ धुंधला हो गया। सड़क पर चल रही गाड़ियां भी नजर नहीं आ रहीं थी। रेतीले तूफान की प्रचंडता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन हवाओं की चपेट में आने से कई पे? ज? सहित उख? गए। इस दौरान कुछ पेड़ों को हवा में उ?ते हुए भी देखा गया। पूरा आसमान नारंगी रंग का हो गया। रेतीले तूफान की वजह से हजारों लोग शिनजियांग प्रांत के अलग-अलग हिस्सों में फंस गए। जिसके बाद पुलिस ने



लोगों को रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जगह पहुंचाया।

बीजिंग स्थित सीजीटीएन समाचार चैनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, रेतीले तूफान ने झिंजियांग के तुरपान में वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि रेत के बवंडर के कारण विजिबिलिटी कम होने की वजह से कई यात्री भी सड़क पर फंसे हुए थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 17 फरवरी की सुबह हामी शहर धुंध से ढका हुआ था, जबकि आसमान रेत और धूल से ढका हुआ था। शिनजियांग के अलावा, इसकी राजधानी शीआन सहित शानक्सी प्रांत के शहर धूल से ढके हुए थे, जबकि गांसु प्रांत के जिउक्वान शहर में रेतीले तूफान के कारण नेशनल हाईवे बंद हो गए, जिससे यात्री सड़कों पर फंसे रहे।

चीन के लोगों के लिए मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ जहां रेतीले तूफान ने कहर मचाया हुआ है।

## भारत ने फिर दिखाई दरियादिली, गरीबी और भूख से निपटने के लिए IBSA फंड को दिए 10 लाख डॉलर

संयुक्त राष्ट्र। भारत एक ऐसा देश है, जो कभी भी किसी की मदद करने से पीछे नहीं हटता था। वह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे खड़ा रहा है। इसी क्रम में, उसने गरीबी और भूख से निपटने के लिए 10 लाख डॉलर का योगदान दिया है। यह दान भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा चलाए जा रहे एक फंड में दिया गया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड के योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय की निदेशक दीमा अल-खातिब को सोमवार को 10 लाख डॉलर का चेक सौंपा। कंबोज ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता का ध्यान लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए विकास पर था। उन्होंने कहा कि भारत आईबीएसए फंड का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि हम मानते हैं कि फंड ने ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इसके अलावा, दक्षिण-दक्षिण सहयोग की भावना को मजबूत किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका आईबीएसए फंड में हर साल 10 लाख डॉलर का योगदान करते हैं।वर्ष 2004 में आईबीएसए फंड की स्थापना और साल 2006 में काम शुरू होने के बाद से अबतक इस फंड में भारत 1.8 करोड़ डॉलर से अधिक का दान दे चुका है। संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय इस फंड के फंड मैनेजर और सचिवालय के रूप में कार्य करता है। IBSA फंड उन परियोजनाओं का समर्थन करता है, जिनका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना और एचआईवी/एड्स को संबोधित करने के लिए, सुरक्षित पेयजल तक पहुंच प्रदान करना है। इस साल, आईबीएसए फंड ने पहले ही तीन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिनमें दक्षिणी बेलीज में माइक्रो-ग्रिड का उपयोग करके ग्रामीण विद्युतीकरण, दक्षिण सूडान में सतत कृषि को चलाने के लिए महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना और फलस्तीन में कृषि-व्यवसाय विकास में निवेश शामिल हैं।

***0 चंडीगढ़ मेयर चुनाव: आप की जीत.....***

लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है। मतगणना के दौरान पीठासीन अधिकारी ने नियम के विरुद्ध काम किया। पीठासीन अधिकारी को निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मतपत्र खराब किए।

**अनिल मसीह को अवमानना नोटिस**

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर रहे अनिल मसीह को अवमानना का नोटिस जारी किया है। मसीह ने कोर्ट में गलतबयानी की उनका आचरण दो वजह से गलत है। पहला कि उन्होंने चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित किया। दूसरा कोर्ट में झूठ बोला। कोर्ट ने उनसे तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

**आप ने एक्स पर लिखा, सत्यमेव जयते**

कोर्ट ने सारे रिकॉर्ड को वापस हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के पास भेजने का फैसला सुनाया। साथ ही निर्देश दिए कि इसे सुरक्षित रखा जाए। फैसले के बाद आम आदमी पार्टी ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, 'सत्यमेव जयते'।

**ये है पूरा मामला**

30 जनवरी को सुबह 10 बजे चंडीगढ़ मेयर चुनाव कराए गए। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी को 12 के मुकाबले 16 मतों से पराजित घोषित किया। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस और आप के आठ वोट को अवैध ठहरा दिया था। इसके बाद भाजपा के मनोज सोनकर मेयर बने। परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया। हालांकि उन्हें वहां राहत नहीं मिली। अदालत ने चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया है और तीन हफ्ते में जवाब मांगा है।

पांच फरवरी को आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की आलोचना की और कहा कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने बैलेट पेपरों को विकृत किया। यह लोकतंत्र का मजाक है, हत्या है। इस आदमी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। 19 फरवरी को सुनवाई तय की गई। कोर्ट ने बैलेट पेपर मंगवाए और 20 फरवरी को इस मामले पर फैसला सुनाया।

***0 21 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगे किसान....***

## शेष प्रथम पृष्ठ का

आंसू गैस से बचाने के लिए ड्राइवर सीट को लोहे से घेर दिया गया है. पोकलेन मशीन जहां खड़ी है, उसके चंद कदमों की दूरी पर शंभू पुलिया है जहां हरियाणा पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात हैं, दूरबीन के जरिए हरियाणा पुलिस हर हलचल पर नजर बनाए हुए है. इसके अलावा बॉर्डर पर जेव्हीसी मशीन मंगवाई गई है. यह जेव्हीसी मशीन सबसे आगे चलेगी, सड़क पर कील और कंटीली तार तोड़ेगी, फिर किसान आगे बढ़ेंगे, किसानों को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस ने भी कमर कस ली है। इंटेल जुटाने के लिए दूरबीन का सहारा लिया जा रहा है, आंसू गैस के गोले हैं, आरएएफ के जवानों की बड़ी फोर्स है।

**0 रविवार को हुई थी चौथे दौर की वार्ता**

बता दें कि रविवार को किसान नेताओं और केंद्र सरकार के मंत्रियों के बीच चौथे राउंड की बातचीत हुई थी, इस बैठक में कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मौजूद थे। इससे पहले केंद्र और किसानों के बीच 8, 12 और 15 फरवरी को भी बातचीत हुई थी। अब तक की बैठकें बेनतीजा ही रही हैं, हालांकि, रविवार को हुई चौथी बैठक में सरकार ने किसानों के सामने एक नया प्रस्ताव या यूं कहें कि 'फॉर्मूला' दिया है।

**0 सरकार के प्रस्ताव को किया खारिज**

सरकार के इस प्रस्ताव को किसानों ने खारिज कर दिया है, किसान नेताओं का कहना है कि सरकार ने जो प्रस्ताव दिया था, उसका नाप-तोल किया जाए तो उसमें कुछ भी नहीं है, सरकार के इस प्रस्ताव को लेकर किसान नेताओं ने सोमवार को शंभू बॉर्डर पर बैठक की थी।

***0 आरजेडी के पूर्व मंत्री ने खोल दिए नीतीश कैबिनेट के कई 'सीक्रेट'....***

राजनीति की बात आती है, तो मेरा स्टैंड अलग है। इस पर भाजपा विधायक संजय सरावगी ने चंद्रशेखर के इस भाषण पर टोका। उन्होंने आसन से कहा कि चर्चा जल संसाधन विभाग पर है और ये शिक्षा पर बोल रहे हैं। क्या इन्होंने मंत्री रहते हुए बहाली पर साइन किया था?

**मेरी योजना लागू नहीं की**

प्रो. चन्द्रशेखर ने आगे कहा कि मैंने शिक्षा दान योजना लागू करने की इच्छा जताई पर ईर्ष्यावश लागू नहीं हुई। मैंने बिहार लोक सेवा आयोग से शिक्षक नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री से जाकर मुलाकात की। उस समय विजय कुमार चौधरी मौजूद थे। डोमिसाइल को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की। पहले स्वीकार किया गया, लेकिन बाद में निरस्त कर दिया।

***0 यूपी में गठबंधन के लिए अखिलेश का आखिरी दांव....***

पहली लिस्ट के मुताबिक, पार्टी ने डिंपल यादव को मैनपुरी, शफीकुर रहमान बर्क को संभल और रविदास महरोत्रा को लखनऊ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है, अखिलेश यादव की अगुवाई वाली पार्टी सपा ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में अब तक कुल 27 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

***0 विधानसभा में पूर्व मंत्री को आया हार्ट अटैक....***

पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मिलने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक विक्रम मंडावी देर शाम अस्पताल पहुंचे। नेताओं ने उनके स्वास्थ्य का जानकारी ली।

***0 छत्तीसगढ़ सरकार पीएम आवास बनाने के लिए फ्री में देगी रेत.....***

पोकलेन उत्खनन करती नहीं मिली तो मैं अपनी विधायिका से इस्तीफा दे दूंगा।

**रेत से तेल निकालने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि रेत से तेल निकालने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। रिकेश सेन ने कहा कि खनिज जब्त होता है, तो कहां रखा जाता है? इस पर मंत्री ने कहा कि खनिज का मूल्य और फाइन दोनों उसमें रहता है। फाइन लेकर खनिज उसी व्यक्ति को वापस दे दिया जाता है रिकेश सेन ने कहा कि पिछले 5 सालों में रेत खनन में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। इस पर चौधरी ने कहा कि जो खनिज जब्त होता है। ट्रक को पकड़ते हैं, उसको वापस लेकर ऑक्शन नहीं करते हैं. खनिज की राशि और पेनाल्टी दोनों लेने के बाद उसे ही खनिज दे दिया जाता है। इस पर सेन ने जिला सरगुजा, बलरामपुर और सूरजपुर में जितने भी खनिज जब्त किए गए हैं, उस पर जांच के साथ शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की।

***0 सोनिया पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित....***

**ओडिशा : अश्विनी वैष्णव निर्विरोध चुने गए, प्रमाणपत्र हासिल किया**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी ओडिशा से निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। उन्हें जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। वैष्णव भुवनेश्वर के राम मंदिर में प्रार्थना करने भी पहुंचे।

## चौथे टेस्ट से बाहर हुए केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह, मुकेश कुमार की हुई वापसी

नई दिल्ली । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं. मुकेश कुमार को रांची टेस्ट से पहले भारतीय टीम से जुड़ने का मौका मिला है. भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा. पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 2-1 से बढ़त बनाए हुए है.



बीसीसीआई ने कहा कि लंबी सीरीज को देखते हुए बुमराह को रिलीज किया गया है. वहीं केएल राहुल को फिटनेस के चलते चौथे टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा है. राहुल तीसरा टेस्ट मैच भी नहीं खेल पाए थे. इतना ही नहीं धर्मशाला में होने वाले आखिरी और 5वें टेस्ट मैच में वह खेलेंगे या नहीं ये उनकी फिटनेस पर निर्भर होगा.

वहीं तेज गेंदबाज मनोज कुमार की टीम में वापसी हुई है, उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से पहले रिलीज कर दिया गया था. तीसरे टेस्ट से पहले केएल राहुल की स्थान पर देवदत्त पडिक्कल को टीम के साथ जोड़ा गया था. पडिक्कल टीम के साथ जुड़े रहेंगे और चौथे टेस्ट में उन्हें डेब्यू का मौका भी मिल सकता है. इसके अलावा रजत पाटिदार को चौथे टेस्ट की प्लेइंग 11 से बाहर किया जा सकता है. दो टेस्ट में रजत पाटिदार कोई कमाल नहीं दिखा पाए और चार पारियों में उनके बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं निकला है.

पांच टेस्ट मैच की सीरीज में रोहित शर्मा की टीम ने 2-1 की बढ़ बनाई हुई है. पहला मैच इंग्लैंड ने जीता, तो दूसरे में भारत ने जीत दर्ज की. राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच को भारत ने 434 रनों के बड़े अंतर से जीतकर 2-1 की बढ़त हासिल कर ली. अब रांची में टीम इंडिया मुकाबला जीतकर सीरीज को अपने नाम करना चाहेगी. वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हर हाल में सीरीज को बराबरी पर लाने की कोशिश करेंगे. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि चौथा टेस्ट काफी कांटे का होगा.

चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप.

# अंतरिक्ष में क्यों बढ़ जाती है इंसान की लंबाई और धरती पर आते ही घट जाती है



क्या ये बात सही है कि अंतरिक्ष में जाने पर मनुष्यों की लंबाई बढ़ जाती है. इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहने वाले अंतरिक्ष यात्रियों पर हुई रिसर्च बताती है कि वाकई ऐसा होता है कि अंतरिक्ष में रहने पर लंबाई बढ़ जाती है. ये कितनी बढ़ती है और कैसे बढ़ती है, ये जानना भी कुछ कम रोचक नहीं है. लेकिन आखिर क्यों बढ़ी हुई लंबाई वाला इंसान जब अंतरिक्ष से वापस लौटता है तो उसके साथ क्या होता है

अंतरिक्ष के बारे में नीले आसमान, काले बादलों और चांद-तारों से ज्यादा हम शायद ही कुछ जानते हों. आमतौर पर खोजकर्ताओं और शोधकर्ताओं के लिए रिजर्व किए जा चुके अंतरिक्ष के बारे में कई दिलचस्प और अजीब बातें हैं, जिनका आम इंसान तसव्वुर भी नहीं कर सकता. साइंस फिक्शन से भी ज्यादा हैरतअंगेज है अंतरिक्ष की दुनिया.

अंतरिक्ष में छह महीने बिताने के बाद अंतरिक्षयात्री अपनी वास्तविक ऊंचाई से लगभग तीन प्रतिशत लंबे हो जाते हैं. इसकी वजह ये है कि उन पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का कोई असर नहीं रहता है, जिससे उनका कद बढ़ जाता है. हालांकि ये अस्थायी है और जमीन पर लौटने के कुछ ही महीनों के भीतर कद वापस पहले जैसा हो जाता है. स्पेस में पानी उबालें तो धरती से एकदम अलग अनुभव होगा. यहां उबलते पानी में सैकड़ों-हजारों बुलबुले बनते हैं, जबकि अंतरिक्ष में पानी गर्म करें तो सिर्फ एक बड़ा सा बुलबुला बनता है. इसकी वजह खोजने पर सामने आया कि इसके लिए धरती का गुरुत्वाकर्षण जिम्मेदार है. स्पेस पर अलग तरह से पानी के उबलने से प्रेरित होकर वैज्ञानिक स्पेसक्राफ्ट के जल्दी ठंडा होने के तरीके तलाश रहे हैं.

लगभग 30 सालों के प्रयोगों से साबित हो गया कि धरती पर फलने-फूलने वाले बैक्टीरिया की तुलना में अंतरिक्ष में जर्म्स ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और बेहद खतरनाक होते हैं. यहां पर बैक्टीरिया की अनुवांशिकता में बदलाव हो जाता है. इस पर लगातार प्रयोग भी हो रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि इनके जरिए चिकित्सा विज्ञान में कुछ नया हो सकेगा.

भविष्य में स्पेस में जाने की मंशा हो तो सोडा या कोक पीने का मोह एकदम छोड़ दीजिए. स्पेस में ग्रेविटी न होने की वजह से गैस के बुलबुले निष्क्रिय पड़े रहते हैं और सोडा पीने के बाद भी डकार नहीं आती है और पेट में अजीब सा अहसास होता है. एस्ट्रोनॉट्स की इसी दिक्कत को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया में स्पेस बीयर को लेकर प्रयोग चल रहे हैं.

अंतरिक्ष में फूलों की खुशबू एकदम बदल जाती है. यहां तापमान, आद्रर्ता और कई कारकों की वजह से पौधे से पैदा होने वाला तैलीय तत्व प्रभावित होता है, जिसका असर खुशबू पर होता है. जापान की एक परफ्यूम कंपनी ने इस दुनिया की अलग खुशबू को ढूंढकर अपने एक परफ्यूम जोन में लाने की कोशिश की. स्पेस का पसीना भी आपके पसीने ला सकता है. चूंकि यहां गुरुत्वाकर्षण नहीं होता है इसलिए पसीना आता तो है, लेकिन न तो सूखता है और न ही टपकता है.

# अल्ट्रासाउंड से पहले क्यों पीना पड़ता है ज्यादा पानी



अल्ट्रासाउंड के लिए जाने से पहले डॉक्टर हमेशा ये हिदायत देते हैं कि पेट को इससे कम से कम 10 से 06 घंटे तक खाली रखना चाहिए और साथ में पर्याप्त पानी पीना चाहिए. इतना पानी पीने से पेट फूल जाता है और पेशाब का तेज प्रेसर बना रहता है. जानते हैं कि अल्ट्रासाउंड से पहले क्यों ज्यादा पानी पीना चाहिए.

पानी पीने से मूत्राशय का विस्तार होता है, जिससे आपको अपने गुर्दे, मूत्राशय और आसपास की संरचनाओं को अधिक स्पष्ट रूप से देखने में मदद मिल सकती है.

साफ़ एमनियोटिक द्रव

अधिक पानी पीने से एमनियोटिक द्रव को साफ करने में मदद मिल सकती है, जिससे तेज और अधिक परिभाषित छवियां प्राप्त हो सकती हैं.

बेहतर छवि गुणवत्ता

भरा हुआ मूत्राशय गर्भाशय को ऊपर ले जाने और आंत को ऐसी पोजिशन में जाने में मदद कर सकता है, जिससे बेहतर तस्वीरें आ सकती हैं.

ध्वनि तरंगें

पानी पीने से ध्वनि तरंगों को शरीर के उन हिस्सों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है, जिनकी छवि लेने की आवश्यकता है.

निर्जलीकरण से बचाता है

निर्जलीकरण के कारण आपका मूत्र गाढ़ा हो सकता है, जिससे गलत परिणाम आ सकते हैं. इससे लीवर कम पित्त का उत्पादन करता है और अल्ट्रासाउंड पर पित्ताशय को देखना अधिक कठिन हो सकता है.

कितना पानी पीना चाहिए

इसकी मात्रा अलग अलग हो सकती है लेकिन अल्ट्रासाउंड से पहले कम से कम दो लीटर पानी पीने की जरूरत हो सकती है. अल्ट्रासाउंड कराने का बेहतर तरीका ये है कि इसके एक घंटे पहले अपने पेट को एकदम साफ कर लें. मूत्र और मल कर लें. इसके बाद फिर ज्यादा पानी पीना शुरू करें ताकि उस दौरान पेट, आंतें और दूसरे चीजें साफ मिलें

क्या है अल्ट्रासाउंड

अल्ट्रासाउंड एक सामान्य नैदानिक ? ?इमेजिंग परीक्षण है, जिसका उपयोग मानव शरीर के अंदर देखने में होता है. अब तो इसका इस्तेमाल तमाम बीमारियों में पेट की जांच करने में होने लगा है लेकिन मुख्य तौर पर इनका उपयोग अक्सर गर्भवती महिलाओं में बच्चे को देखने के लिए किया जाता है.

अल्ट्रासाउंड कैसे काम करता है

अल्ट्रासाउंड शरीर के अंदर की छवि बनाने के लिए ध्वनि तरंगों का उपयोग करता है. यह एक दर्द रहित और सुरक्षित परीक्षण है जिसका उपयोग शरीर के विभिन्न हिस्सों को देखने के लिए किया जा सकता है. इसमें ट्रांसड्यूसर द्वारा कैप्चर्ड साउंड वेव्स एक ऑब्जेक्ट के जरिए पास होती हैं और टकराकर वापस आती हैं. जिससे स्क्रीन पर स्कैन इमेज बनता रहता है. ट्रांसड्यूसर एक माइक्रोफोन की तरह दिखता है जो जांच के दौरान साउंड वेव्स को ऑर्गन तक भेजता है. डिस्प्ले इमेज के लिए गूंज (द्रष्द्धश्द्रह्य) को कैप्चर करता है.

गर्भावस्था के दौरान शिशु के स्वास्थ्य की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड का भी उपयोग किया जा सकता है। इनका उपयोग अक्सर शिशु को देखने के लिए किया जाता है

गर्भवस्था से जुड़ी स्थितियों में जांच के अलावा किडनी डिजीज या पेट से जु ?ी किसी समस्या पर डॉक्टर पेट के ऊपरी या निचले हिस्से का अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देता है.

अल्ट्रासाउंड कैसे किया जाता है ?

मरीज को टेबल पर लेटाया जाता है. इसके बाद रेडियोलॉजिस्ट स्किन पर जेल लगाकर जांच शुरू करता है. जेल इसलिए लगाया जाता है ताकि स्किन और ट्रांसड्यूसर के बीच हवा को खत्म किया जा सके. इनके बीच उचित संपर्क बनाया जा सके.

क्या जेल हानिकारक होता है ?

जेल का इस्तेमाल अंगों की बेहतर छवियों के लिए केवल स्किन और ट्रांसड्यूसर के बीच संपर्क में सुधार के लिए किया जाता है.



# हमें रोजाना सुबह जागकर एक्सरसाइज क्यों करनी चाहिए ?



सुबह के वक्त एक्सरसाइज करने से आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ जाता है और कई घंटों तक बरकरार रहता है. ये पूरे दिन वेट मैनेजमेंट और कैलोरी बर्न में मदद कर सकता है. सुबह व्यायाम करने से, आपको डिस्ट्रैक्ट होने की संभावना कम होती है और कुछ दिनों तक प्रैक्टिस होने के बाद सुबह जागने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ती. द्बद्मद्म- अस्पताल दिल्ली के पूर्व रेजिडेंट डॉ. इमरान अहमद (ष्ठह्म. द्बद्वह्मड्ड द्मद्धद्वद्गस्र) कि हमें मॉर्निंग एक्सरसाइज क्यों करनी चाहिए और इससे आपकी सेहत को क्या-क्या फायदे हो सकते हैं.

1. मूड होगा बेहतर

सुबह की एक्सरसाइज एंडोर्फिन, यानी आपके दिमाग में अच्छे मूड पैदा करने वाले हॉर्मोन को बढ़ा देता है जिससे तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद मिलती है. दिन की शुरुआत वर्कआउट से करने से आपके मूड और इमोशनल वेलबीइंग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जो पूरे दिन के लिए पॉजीटिव एनर्जी लाता है.

2. नींद की क्वालिटी

सुबह नियमित व्यायाम आपके सोने के पैटर्न को भी बेहतर बना सकता है. सुबह की शारीरिक गतिविधि आपके शरीर की सर्कांडियन रिदम को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है, जिससे रात में जल्दी सो जाना और सुबह में तरोताजा महसूस करना आसान हो जाता है.

3. भूख का रेगुलेशन

अगर आप सुबह जागने के बाद एक्सरसाइज करते हैं को दिनभर भूख रेगुलेट होता है, ये क्रेविंग को कम करता है और पेट भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आप हद से ज्यादा खाने से बच जाते हैं, जो सेहत के लिए अच्छा है.

# वजन कम करने के मद्दगार तरीके

कई लोग वजन कम करने के लिए बहुत से तरीके अपनाते हैं, जैसे- जिम जाना, डाइट में बदलाव करना, मीठा छोड़ देना और कुछ तो ऐसे हैं एक टाइम का खाना तक स्किप कर देते हैं। खाने में कई चीजें ऐसी भी होती हैं, जिन्हें वजन बढ़ने की वजह माना जाता है, इन्हीं में आते हैं रोटी और चावल जो हर कोई पसंद करता है। कई लोग वजन कम करने के लिए अलग-अलग तरह की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर हड़बड़ाहट के चलते वजन कम करने के चक्कर में कई गलतियां भी कर बैठते हैं।



वजन कम करने के लिए कई लोग लंबे टाइम तक भूखे रहने को तैयार रहते हैं, लेकिन ये सब करना बिलकुल ठीक नहीं है। वेट लॉस के लिए कुछ लोग डाइट में कार्ब्स से पूरी तरह से दूरी बना लेते हैं, लेकिन रोटी और चावल आपको छोड़ने की कोई जरूरत नहीं है, बस सही तरीका आना चाहिए। रोटी या चावल, दोनों में वजन कम करने के लिए क्या हेल्दी माना जाता है।

रोटी और चावल खाने का तरीका

डाइटिशियन सविता महतो के अनुसार, आपको वजन कम करने के लिए रोटी-चावल को छोड़ने की कोई जरूरत नहीं है। बस सही तरीका आपको पता होना चाहिए। ताकि आपको कोई परेशानी न हो। शरीर में कार्ब्स और कैलोरी का ज्यादा होना एक तरह से मोटापा बढ़ाना होता है। इसलिए बहुत से लोग चावल और रोटी डाइट में कम कर देते हैं, लेकिन दोनों में ही कैलोरी और कार्ब्स लगभग एक समान है। वजन कम करने में अक्सर रोटी या चावल दोनों को ही छोड़ने की सलाह दी जाती है, लेकिन कई बार लोगों को कन्फ्यूजन बहुत रहता है कि ज्यादा बेहतर क्या रहेगा कि आसानी से वजन कम कर सकें।

डाइटिशियन के मुताबिक, वेट लॉस के लिए रोटी या चावल छोड़ने की कोई जरूरत है। बस सही तरीका जान लेना अच्छा रहता है। रोटी में चावल के मुकाबले फाइबर और प्रोटीन ज्यादा मात्रा में मौजूद रहता है। इसके कारण इसे खाने के बाद बहुत देर तक आपको भूख बिलकुल नहीं लगती है। चावल की बात करें, तो इसमें स्टार्च ज्यादा रहता है। इसलिए यह काफी जल्दी डाइजेस्ट हो जाता है और आपको फिर कुछ देर बाद ही तेज भूख लगने लगती है।

दोनों के न्यूट्रिशन की बात की जाए तो रोटी, चावल से बेहतर है, लेकिन अगर इसमें सोडियम की बात करें, तो 120 ग्राम गेहूं के आटे में 90 मिलीग्राम सोडियम मौजूद रहता है और वहीं, चावल में सोडियम बिलकुल ही नहीं मिलता है। चावल में कैलोरी ज्यादा होती है, लेकिन ज्यादातर लोग पेट भरने के लिए रोटी को ज्यादा अच्छा मानते हैं।

# बेहतर मार्क्स पाने में इन टिप्स के जरिए कर सकते हैं बच्चों की मदद



इन दिनों देशभर में लाखों स्टूडेंट्स 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए हैं. सभी राज्यों में बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के लिए जोर शोर से तैयारियां शुरू है. वहीं, सीबीएसई की बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा की शुरुआत 15 फरवरी 2024 से कर दी गई है. इसके अलावा बिहार में भी बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं. जबकि, उत्तर प्रदेश में 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा की शुरुआत होने जा रही है.

परीक्षा में बच्चा अपनी तरफ से पूरी मेहनत करता है औरे बेहतरीन परफॉर्मेंस देने की कोशिश में लगा रहता है, लेकिन इसमें अकेले के दम पर कुछ नहीं हो सकता है. पेरेंट्स का साथ हो तो तभी वह अच्छे नंबर ला सकते हैं.

परीक्षा के दौरान कई बच्चे पढ़ाई और अच्छे मार्क्स हासिल करने के चलते स्ट्रेस में आ जाते है, जिसका असर आगे चलकर उनके रिजल्ट में देखने को मिलता है. ऐसे में पेरेंट्स को बच्चों पर पूरा ध्यान देना चाहिए. अपनी मेहनत के अलावा परिवार की मदद मिलेगी, तो वे बेहतर स्कोर हासिल कर सकेंगे. जानिए कुछ जरूरी टिप्स, जो पेरेंट्स के बेहद काम आएंगे...

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान घर का माहौल बच्चे के साथ ही परिवार के लिए भी स्ट्रेसफुल होता है. अगर आपके बच्चे भी इस साल बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं तो आपको भी उनके साथ थोड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि उन्हें हौसला मिले. इससे वह परीक्षा में बेस्ट परफॉर्मेंस दे सकेंगे. यहां जानिए पेरेंट्स किस तरह उनकी मदद कर सकते हैं...

पेरेंट्स रखें इन बातों का ध्यान

बच्चे को बार-बार पढ़ने के लिए न कहें या अगर वे पढ़ाई करते नजर न आए तो, उन्हें दूसरे काम करने के लिए न टोकें. परीक्षा का हौव्वा न बनाएं. बच्चे को दिनभर ताने न दें. आजकल के बच्चों को अपना अच्छा-बुरा पता होता है. ज्यादा समझाने से बात बिगड़ सकती है.

अपने बच्चों को दूसरों के बिल्कुल भी कंपेयर न करें. पेरेंट्स की इन सब बातों से उन्हें चिढ़ होती है. एग्जाम होने तक उन्हें लगातार मोटिवेट करें.

इस समय बच्चों को आपकी ज्यादा जरूरत है.



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# मोदी की गारंटी
# विष्णु का सुशासन

छत्तीसगढ़ शासन

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

## त्वरित निर्णय के 2 माह

### अन्नदाताओं के लिए
- 13 लाख किसानों को धान के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए तत्काल जारी करने का निर्णय
- किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय
- 'कृषक उन्नति योजना' के तहत 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान

### ग्रामीणों के लिए
- 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क नल कनेक्शन 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान

### गरीबों के लिए
- 69.92 लाख गरीब परिवारों को पांच वर्षों तक निःशुल्क राशन प्रदाय का निर्णय
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण के लिए 8,369 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना' में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10,000 रुपये वार्षिक सहायता का निर्णय

### महिलाओं के लिए
- 'महतारी वंदन योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की दर से वार्षिक 12,000 रुपए आर्थिक सहायता का निर्णय

### युवाओं के लिए
- पीएससी परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय
- युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना लागू करने का निर्णय
- पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट का निर्णय

### सभी छत्तीसगढ़वासियों के लिए
- अयोध्या यात्रा के लिए निःशुल्क 'रामलला दर्शन योजना' लागू करने का निर्णय

### आदिवासियों के लिए
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4,000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा भुगतान का निर्णय

### छत्तीसगढ़ के त्वरित विकास के लिए
- कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान

### सामान्य परिवारों के लिए
- प्रति माह 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदाय का निर्णय

### भ्रष्टाचार निवारण के लिए
- शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' की स्थापना का निर्णय
- कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट व्यवस्था लागू करने का निर्णय

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए
- छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के शहर राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) का निर्णय

## सरल, निर्भीक
## निर्णायक नेतृत्व



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद: 39721/87

## सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com